# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com    भोपाल, सोमवार 17 मार्च 2025










## खबर संक्षेप

### आईसीयू में एसी ब्लास्ट टला बड़ा हादसा



**ग्वालियर।** जयारोग्य हॉस्पिटल ग्रुप के कमलाराजा अस्पताल में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना रात करीब 1 बजे लेबर रूम के गाइनोकॉलजी आईसीयू में हुई, जहां एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण ब्लास्ट हुआ। देखते ही देखते आग फैल गई। आईसीयू और आसपास के वार्डों में 22 मरीज भर्ती थे, स्टाफ की मुस्तैदी के चलते सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या, चक्काजाम



**सीधी।** जिले के हड़वडो गांव में वर्षों से चले आ रहे रास्ते के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। रविवार दोपहर दबंगों ने घात लगाकर 60 वर्षीय बुजुर्ग की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव को अस्पताल के पास रखकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर से दंपती की मौत



**हरदा।** रविवार दोपहर इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में एक दंपती की मौत हो गई। खिड़कीवाला के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके दोनों की मौत हो गई। हादसे में 55 वर्षीय रामलता बाई की मौके पर ही मौत हो गई थी। उनके पति 60 वर्षीय रमेशचंद्र गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान जहां उनकी मौत हो गई।

---

पुलिस पर 'सबसे बड़ा हमला'

*पुलिस छावनी बना मऊगंज का गड़रा गांव, अधिकांश घरों में लटक रहे हैं ताले*

# मृत एएसआई को शहीद का दर्जा, एक करोड़ मिलेंगे, पात्र परिजन को नौकरी



*रविवार को डीजीपी कैलाश मकवाना भी मऊगंज पहुंचे थे। उन्होंने घटना की जानकारी ली, घायलों को देखने अस्पताल गए और उसके बाद पुलिस अफसरों की बैठक भी ली।*

### सीएम ने कहा-मऊगंज में बवाल के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मऊगंज/भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज में हुई घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस हिंसा में एक पुलिस अधिकारी और एक नागरिक की मौत हो गई थी।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत एएसआई रामचरण गौतम के परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी गई ▶▶ शेष पेज 4 पर

घायलों की हालत में सुधार आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार, कई लोग हिरासत में



शहीद एएसआई को नम आंखों से दी अंतिम विदाई..

### कलेक्टर और एसपी ने शहीद को कंधा दिया

गड़रा गांव में पुलिस टीम पर हुए हमले में गंभीर रुप से जख्मी हुए 25 बटालियन भोपाल के एएसआई रामचरण गौतम को तमाम कोशिशों के बाद भी चिकित्सक नहीं बचा सके। उन्होंने सिविल हॉस्पिटल मऊगंज में अंतिम सांस ली। रविवार को तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम पवइया थाना कोठी जिला सतना पंहुचा। जैसे की गांव वालों को शव आने की खबर लगी उनके घर लोगों का तांता लग गया। सतना कलेक्टर और एसपी भी पहले से मौजूद थे। इसके अलावा राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, डीआईजी साकेत पांडेय समेत आसपास के तमाम गणमान्य लोग अंतिम विदाई देने आए। रामचरण गौतम अक्टूबर माह ▶▶ शेष पेज 4 पर



रीवा के डीआईजी, मऊगंज एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी स्थिति को नियंत्रित कर रहे

### क्या है पूरा मामला ?

**जमीन के टुकड़े ने दो परिवारों में बहाया खून**

*दरअसल, गांव में सनी द्विवेदी का एक कोल परिवार से पुराना विवाद चल रहा था। गांव में ही एक जमीन थी जिसे कोल परिवार और द्विवेदी लेना चाहते थे। एक दिन अशोक कोल और द्विवेदी जमीन की रजिस्ट्री कराने भी गए थे। लेकिन रजिस्ट्री नहीं हुई थी। बताते हैं कि लौटते वक्त अशोक कोल की संदिग्ध मौत हो गई। कोल परिवार ने हत्या होना कहा और द्विवेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। आदिवासियों ने द्विवेदी को किसी दूसरे मुद्दे पर बातचीत करने के लिए बुलाया था। वहां उसकी हत्या कर दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। आदिवासियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। जिसमें गंभीर रूप से घायल सहायक उप निरीक्षक की मौत हो गई जबकि अन्य पुलिसकर्मी अस्पताल में भर्ती हैं।*

---

तीन साल में सबसे ज्यादा 'बढ़ोतरी'

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 15 अरब डॉलर का 'उछाल'

अब कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबरदस्त उछाल आया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 15.267 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर हो गया है। यह बीते तीन साल में एक सप्ताह में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 74 अरब डॉलर का सोने का भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की वजह रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य रुपए में तेज गिरावट को रोकना है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रुपया अब अमेरिकी डॉलर की तुलना में सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

पैरेंट्स की संपत्ति को लेकर मंत्री का बड़ा बयान

## *अगर बच्चे अपने माता-पिता को अस्पताल में छोड़ते हैं तो वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू



कर्नाटक के मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने रविवार को कहा कि अगर बच्चों ने अपने बुजुर्ग माता-पिता को अस्पतालों में छोड़ दिया है, तो उनकी संपत्ति का हस्तांतरण और वसीयत रद्द कर दी जानी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि यह समस्या तब सामने आती है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम पर कर देते हैं, और फिर बच्चे उन्हें अस्पतालों में छोड़कर चले जाते हैं। अधिकारियों के अनुसार, एक गंभीर और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसमें कई बुजुर्ग माता-पिताओं को उनके बच्चे सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में छोड़ आते हैं। यह अक्सर तब होता है जब बुजुर्ग अपनी संपत्ति बच्चों के नाम कर देते हैं। मंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, 'बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अकेले 150 से ज्यादा बुजुर्गों को छोड़ने के मामले सामने आए हैं, जबकि राज्य के अन्य मेडिकल संस्थानों में 100 से ज्यादा ऐसे ही मामले देखने को मिले हैं। हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में बीआईएमएस के निदेशक ने चिकित्सा शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री शरण प्रकाश पाटिल के समक्ष यह मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

---

## शमी की बेटी ने खेली होली और मसूद ने उड़ाया रंग तो भड़के मौलाना- यह तो जुर्म

■ मसूद बोले- रंगों में जहर घोलने वालों को जवाब दिया

एजेंसी ▶▶ बरेली



ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बेटी के होली खेलने पर सख्त ऐतराज जताते हुए इसे अवैध और शरीयत के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि वह छोटी बच्ची है। अगर वह बिना समझे होली खेलती है तो यह कोई अपराध नहीं है। अगर वह समझदार है और फिर भी होली खेलती है तो इसे शरीयत के खिलाफ माना जाएगा। होली हिंदुओं के लिए बहुत बड़ा त्योहार है लेकिन मुसलमानों को होली मनाने से बचना चाहिए। अगर कोई शरीयत को जानने के बाद भी होली मनाता है तो यह गुनाह है। उधर, कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

बांकेबिहारी मंदिर: ग्रीष्मकालीन समयसारिणी में बदलाव

## दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों और शयन करने के समय में परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ मथुरा

जन जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज के मंदिर में रविवार से दर्शनों की समयसारिणी बदल गई। इसके चलते ठाकुरजी के दोनों समय के दर्शन, तीनों आरतियों व शयन करने के समय में परिवर्तन हो गया है। 16 मार्च को दूज तिथि से मंदिर में परिवर्तित होने वाली ▶▶ शेष पेज 4 पर



◆ दर्शन का ये क्रम दिवाली बाद भाईदूज तक चलेगा

**बांके बिहारी मंदिर में मनाई गई होली**

इधर, होली के मौके पर देश-विदेश पहुंचे श्रद्धालुओं बांके बिहारी मंदिर में होली का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। श्रद्धालुओं ठाकुर जी पर पिचकारी से रंगों की बौछार की। इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

*प्रदेश से गुजर रही ट्रफ लाइन और उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश तथा आसपास बने सकुर्लेशन से बदला मौसम*

## प्रदेश में आज भी आंधी बारिश, भोपाल में सीजन की सबसे गर्म रात, सप्ताहभर कंट्रोल में रहेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शनिवार से मौसम में बदलाव जारी है। रविवार तक भोपाल सहित एक दर्जन के करीब शहरों में बादल, कुछ शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। सोमवार को भी आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश होगी। भोपाल में बादल छाए रहेंगे। बादल और बारिश से रविवार को प्रदेशभर में दिन के औसत ▶▶ शेष पेज 4 पर


◆ 19 मार्च से आने वाले नए सिस्टम के साथ ही प्रदेश से गुजरने वाला पूर्वी ट्रफ भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में करेगा बारिश, आंधी और छाए रहेंगे बादल



भोपाल में बादल और तेज हवाएं चलीं, लिंक रोड का दृश्य।

### *कहां-कितना गिरा पारा?*

*भोपाल में दिन का पारा 2.2 डिग्री 35.2 डिग्री रहा, जबकि रात का 3.8 डिग्री बढ़कर 22.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5 डिग्री अधिक है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के पारे में गिरावट खजुराहो में 4.2 डिग्री रही, जबकि सबसे अधिक रात के तापमान* ▶▶ शेष पेज 4 पर

# श्रद्धा के साथ मना भाईदूज पर्व, चित्रगुप्त मंदिरों में कायस्थजनों ने पूजे कलम-दवात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भाईदूज रविवार को श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह घर-घर में भाईदूज तिथि पर तिलकोत्सव के कार्यक्रम हुए। भाई की दीर्घायु की कामना को लेकर बहनों ने टीका लगाया। होली के दूसरे दिन भाई-बहनों ने भाईदूज का त्योहार मनाया। बहनों ने भाई की कलाई पर तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधकर भाईयों की लंबी आयु की कामना की, तो भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन दिया। वहीं कायस्थ समाज के लोगों ने अपने आराध्य भगवान चित्रगुप्त और कलम-दवात की पूजा-अर्चना की। इस मौके जवाहर चौक, नेवरी व नेहरू नगर, अयोध्या बायपास सहित सभी चित्रगुप्त मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ की गई। कोरोना काल के दो साल बाद बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

इस दौरान भगवान से सभी लोगों ने शिक्षा, ज्ञान, उत्तम संस्कार व सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मां इरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पूजन और हवन के साथ समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट किए गए। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग शामिल हुए।



## पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन

*इधर मां इरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास द्वारा संचालित श्री राम जानकी चित्रगुप्त भगवान मंदिर चित्रगुप्त नगर कोटरा में दोपहर को भगवान चित्रगुप्त कलम दवात की पूजा अर्चना की गई। इरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास भोपाल के तत्वावधान में श्री राम जानकी चित्रगुप्त भगवान मंदिर कोटरा सुल्तानाबाद में यम द्वितीया के अवसर पर रविवार को कलम दवात की पूजा एवं भाई दूज का कार्यक्रम एवं विशेष पूजा अर्चना एवं हवन किया।*

## पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से नेहरु नगर पुलिस लाइन में भव्य रूप से मनाया गया होली का महापर्व

### पुलिस कमिश्नर मिश्र ने पुलिस परिवार, मीडिया बंधु एवं शहरवासियों को भी होली की बधाई दी

*रंगोत्सव के अवसर पर होली मिलन समारोह प्रतिवर्षानुसार इस बार भी भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नेहरु नगर पुलिस लाइन में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र एवं विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया साथियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही पुलिस परिवार, मीडिया बंधु एवं शहरवासियों को भी होली की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने गन और सिलेंडर से गुलाल उड़ाकर एवं पुष्प बरसाकर खुशी जाहिर की।*





**समारोह में लगभग 500 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया साथी मौजूद रहे**

*होली मिलन समारोह में उपस्थित पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रद्धा तिवारी, पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल, पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सक्सेना, पुलिस उपायुक्त प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त निधि सक्सेना, रक्षित निरीक्षक जयसिंह तोमर समेत अन्य अधिकारियों ने भी गुलाल लगाकर सभी स्टॉफ एवं पुलिसकर्मियों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। होली मिलने समारोह में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर होली और फिल्मी गानों पर जमकर नृत्य किया। साथ ही वाटर केनन से पानी की बौछारों में भीगते हुए भी जोरदार डांस कर होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया। समारोह में लगभग 500 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया साथी मौजूद रहे।*







## बहनों ने भाइयों को दिया समृद्धि का आशीर्वाद




*भाई दूज पर सुबह से ही बहनों ने भाई के लिए रंगोली सजाई और इसी रंगोली से पूरे चौक में भाई का तिलकोत्सव किया। मीठा मुंह कराकर खाना खिलाया। बहनों ने भाइयों से अपनी रक्षा का वचन भी मांगा। वहीं भाइयों ने बहनों को सोने, चांदी, अन्य आर्टीफिशियल ज्वेलरी, गिफ्ट, साड़ी, मिठाई आदि उपहार भेंट किए और चरण स्पर्श कर बहनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।*

## भवानी धाम फेस 1 में जुटे कायस्थ बंधु



भगवान चित्रगुप्त की पूजा के लिए अयोध्या बायपास स्थित भवानी धाम फेस 1 के केदारेश्वर मंदिर के प्रांगण में कायस्थ बंधु जुटे, जहां उन्होंने हवन पूजन के साथ भगवान की पूजा- अर्चना की। श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति के प्रहलाद श्रीवास्तव, कमलेश सक्सेना, प्रकाशराय सक्सेना एवं देवेंद्र सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी समाजजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

## किसी ने सुनाए गीत तो किसी ने किया नृत्य, फिर साथ में लिया लड्डू-बाफले का आनंद

एकांत पार्क क्लब के सदस्यों ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। एकांत पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा नेता और समाजसेवी महेंद्र दवे ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता रखने वाले सदस्यों के द्वारा रोज एकांत पार्क में कई गतिविधियां शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए की जाती हैं, परन्तु सभी सदस्य एक साथ केवल इस तरह के समारोह में ही एक साथ मिल पाते हैं, इसी उद्देश्य से आज होली मिलन समारोह रखा गया। सभी सदस्यों ने गीत गाकर, सामूहिक नृत्य और लड्डू बाफले का आनंद लिया। इस समारोह में पूर्व बीडीए उपाध्यक्ष सुनील पांडे,



सौरभ रैना अतुल शर्मा आजाद शत्रु श्रीवास्तव, राजेंद्र शर्मा, राजेश गर्ग, किशन नारायणी, योगेश राठौड़, प्रदीप चतुर्वेदी, धर्मेश गुप्ता, विजू एंथोनी, रोहित जायसवाल, प्रकाश देवनानी, एनके दीक्षित, राजेश सिरोठिया, मनोज पाठक, साहू, आशीष दवे, संजय पवार, डीके दीक्षित, दीपक तिवारी, नरेंद्र अग्रवाल, कौशल किशोर चतुर्वेदी, पलाश जैन, विमल शर्मा, संदीप श्रीवास्तव, प्रभात नेमा, मूलचंद सोनगरा समेत अनेक समाजसेवी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई होली, रंगी राजधानी

इस बार धूमधाम से होली मनाई गई। राजधानी रंग-गुलाल से रंगी नजर आई। हर गली व मोहल्ले में रंग-गुलाल बरसा। हुरियारों पर टैंकरों से रंग बरसाया गया। कालोनियों में एकत्रित लोगों ने रंग-गुलाल की होली खेली। एक-दूसरे को होली की बधाई दी। बच्चे, महिलाएं, बड़े, बुजुर्ग सब होली के रंग में दिखे। पुराने शहर के जुमेराती जवाहर चौक पर 128 सालों से निकल रहा चल समारोह निकला गया। हजारों की संख्या हुरियारे चल समारोह में शामिल हुए। समारोह पुराने शहर के दयानंद चौक से शुरू हुआ, जो जुमेराती, घोड़ा निक्कास, कुंदन नमकीन चौराहा, जहां पर परंपरागत चल समारोह का समापन हुआ।

## रंगपंचमी पर भगवान के साथ होगी फूलों की होली



*राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर भोपाल स्थित दादाजी धाम मंदिर में होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है। रंग पंचमी पर दिन बुधवार को सांय 5 बजे से भक्तों द्वारा सभी भगवान पर पुष्प वर्षा कर के होली खेली जाएगी। इसके बाद सभी भक्तों द्वार एक दूसरे के साथ फूलों से होली खेली जाएगी। इसके साथ भजन, कीर्तन के बाद में प्रसाद वितरण किया जाएगा।*

## जवाहर चौक में कायस्थजनों ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

भोपाल। होली के शुभ अवसर, भाई दूज के पावन पर्व पर यमद्वितीया महोत्सव का आयोजन चित्रगुप्त मंदिर जवाहर चौक टीटी नगर में किया गया। देवाधिदेव भगवान श्री चित्रगुप्त जी की विशेष पूजा - अर्चना की जाकर उनका विशेष श्रृंगार किया गया। आरती उपरांत उपस्थित सभी भक्तजनों को भगवान चित्रगुप्त जी के समक्ष पूजायुक्त कलम एवं स्वादिष्ट प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर के सेवादार पं. कृष्ण गोपाल शर्मा के निर्देशन में श्याम शंकर श्रीवास्तव एवं किशोर कुमार सक्सेना द्वारा हवन पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर चित्रगुप्त समाज बन्धुओं का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें फाग गीतों सुमधुर गीतों के साथ चंदन तिलक एवं फूलों की होली भी खेली गई। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक भगवान दास सबनानी, पूर्व मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव, चित्रगुप्त समाज भोपाल के अध्यक्ष राजेश नारायण श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी केके सक्सेना,



डॉ. बृजेश श्रीवास्तव, बीके श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, शैलेंद्र सक्सेना, इंजीनियर के के खरे, मृत्युंजय श्रीवास्तव, गौरव खरे, निखिल सक्सेना, प्रिया श्रीवास्तव, मधु वर्मा, अवनीश श्रीवास्तव, सावित्री देवी, ऋषिका श्रीवास्तव, कीर्ति श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित थे।



## कायस्थम ने की श्री चित्रगुप्त और कलम दवात की पूजा

भोपाल। यम द्वितीया और भाई दूज के अवसर पर रविवार को कायस्थम द्वारा राजधानी के फतेहगढ़ स्थित श्री धरनीधर मंदिर में श्री भगवान चित्रगुप्त की पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया। पूजन व हवन में चित्रांश बंधुओं ने उपस्थित होकर भगवान श्री चित्रगुप्त का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कायस्थम के सदस्यों ने कलम दवात की भी पूजा की। बाद में महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव, , महासचिव अभय श्रीवास्तव, सचिव डॉ. रश्मि सक्सेना, कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना सहित आदित्य श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, सुभाष रायजादा, शशि गौड़, संधीर सक्सेना आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही शनिवार शाम 9 मसाला में होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सभी समाजजनों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कायस्थम के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, सलाहकार राजेश ब्यौहार, डॉ. विजया ब्यौहार, दिनेश निगम त्यागी व सतीश रायजादा आदि लोग मौजूद थे।






## चिकित्सा शिविर में होगी निःशुल्क हार्ट की जांच

**भोपाल।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर सेंट्रल ग्रुप के हेल्थकेयर सेक्टर के द्वारा भव्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का कोलार क्षेत्र में शुभारंभ किया जाएगा। इसकी तैयारियों को सेंट्रल ग्रुप हेल्थकेयर की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें तय किया गया कि ग्रुप अपनी सी.एस.आर एक्टिविटीज के द्वारा मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवार के परिजनों के लिए भारत और प्रदेश सरकार के साथ मिलकर हॉस्पिटल्स में निःशुल्क ट्रेनिंग के साथ साथ युवाओं को शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा।

## डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी निर्देशों का पालन नहीं, अधिकारी मौन

# निजी स्कूलों की मनमानी जारी, अब तक नहीं दिया फीस का ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अब तक अधिकतर निजी स्कूलों द्वारा फीस, पुस्तकों सहित अन्य ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। स्कूलों को प्रत्येक कक्षा में लगने वाली पाठ्यपुस्तकों एवं प्रकाशक की जानकारी को वेबसाइट पर अनिवार्यतः अपलोड करना था। इसके साथ ही हॉर्ड कॉपी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करानी थी, लेकिन अंतिम तिथि के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी विभागीय अधिकारी आदेश पर अमल नहीं करा सके है। ऐसे में अभिभावक परेशान हैं।

पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंड्या का कहना है कि पूरे प्रदेश में संचालित करीब 34 हजार



662 निजी स्कूलों में से अब तक मात्र करीब एक हजार स्कूलों की ओर से ही फीस की जानकारी सार्वजनिक की गई है और जो की है वह भी अधूरी है। हालात यह हैं कि राजधानी भोपाल में ही अधिकारी आदेशों का पालन नहीं करा पा रहे हैं। स्कूलों के पोर्टल पर अब भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। बार-बार शासन-प्रशासन को पत्र लिखने और अवगत कराने के बाद भी इस मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा प्रवेश, यूनिफार्म सहित पुस्तकों को लेकर कुछ माह पूर्व सख्त निर्देश जारी करते हुए 30 जनवरी तक ब्यौरा सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही स्कूलों को आगामी शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पहले अनिवार्य रूप से लेखक एवं प्रकाशक के नाम, मूल्य के साथ कक्षा वार पुस्तकों की सूची स्कूल के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने की बात कही गई थी।

## 9वीं-11वीं के रिजल्ट जारी, 12 हजार 485 विद्यार्थी पास, बेटियां आगे

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आयोजित 9वीं एवं 11वीं की परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए है। भोपाल जिले के जारी परिणामों के अनुसार, यहां 12 हजार 485 विद्यार्थी पास हुए है। सत्र 2024-25 में परीक्षा में दर्ज कक्षा 9वीं के 10953 विद्यार्थियों में से 10507 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 6669 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार भोपाल जिले का कक्षा 9वीं परीक्षा परिणाम लगभग 63.4 प्रतिशत रहा है, जिसमें फन्दा ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 62.03 प्रतिशत एवं बैरसिया ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 68 प्रतिशत रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अहिरवार ने बताया कि भोपाल जिले के कक्षा 9वीं की बालिकाओं का परीक्षा परिणाम 71 प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार कक्षा 11 वीं की बालिकाओं का परीक्षा परिणाम 85. 5 प्रतिशत रहा है। जबकि कक्षा 9वीं के बालक का परीक्षा परिणाम 56 प्रतिशत रहा है एवं कक्षा 11 वीं के बालक का परीक्षा परिणाम 78.4 प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम से स्पष्ट है कि बैरसिया ब्लॉक अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की तुलना में बेहतर परिणाम प्राप्त किया है। डीईओ अहिरवार ने बताया गया कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए भोपाल जिले में कक्षा 9वीं एवं 11 वीं का परीक्षा परिणाम में न्यूनतम 10 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। इसके लिए शीघ्र ही परीक्षा परिणाम की विद्यालयवार समीक्षा की जाएगी और समीक्षा उपरांत प्राप्त होने वाले विभिन्न कारणों का निराकरण त्वरित रूप से किया जाएगा।

**9वीं का 63.4 प्रतिशत, 11वीं का 82.75 प्रतिशत रहा परिणाम**

### 11वीं में 5816 हुए पास

इसी प्रकार सत्र 2024-25 में परीक्षा मे दर्ज कक्षा 11वीं में 7102 विद्यार्थियों में से 7028 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 5816 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार भोपाल जिले के कक्षा 11 वीं का परीक्षा परिणाम लगभग 82.75 प्रतिशत रहा है, जिसमें फन्दा ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 81.77 प्रतिशत एवं बैरसिया ब्लॉक का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम निर्धारित समय-सीमा में घोषित किए जाने पर एन के अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला भोपाल ने बताया कि भोपाल जिले के शिक्षकों एवं प्राचार्यों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

भोपाल
सोमवार, 17 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-3
वर्ष : 11, अंक : 350
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 21

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सीएम डॉ. यादव ने की मांग

## सिद्धारमैया के विवादित 'फैसले' को तत्काल वापस करवाएं खरगे

कर्नाटक सरकार ने शासकीय कार्यों में ठेकेदारों को धर्म आधारित आरक्षण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की ओर से शासकीय कार्यों में ठेकेदारों को धर्म आधारित आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान करना अनुचित एवं निंदनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म आधारित इस आरक्षण की कड़ी आलोचना करता हूं। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में बैठे मल्लिकार्जुन खरगे से कहना चाहूंगा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के तुष्टिकरण के फैसले को वापस कराने के लिए उचित कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश में इस तरह किसी धर्म विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियम-प्रावधान कैबिनेट से पास कर लागू करना, यही कांग्रेस का अनैतिक ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 275 किमी लंबी रामगंज मंडी भोपाल रेल लाइन से बढ़ेगी मध्यप्रदेश-राजस्थान की कनेक्टिविटी

# राजगढ़ अंचल में स्थापित होंगे 500 करोड़ रुपए की लागत से नए उद्योग

मुख्यमंत्री ने 40.62 करोड़ रुपए के शौर्य स्मारक और जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजगढ़ में लगभग 500 करोड़ के निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। राजगढ़ जिला अस्पताल के बाद शीघ्र मेडिकल कॉलेज की भी सौगात मिलेगी। इसके साथ ही पौने तीन सौ किमी लंबी रामगंज मंडी से भोपाल तक की रेल लाइन की सौगात इस क्षेत्र को मिल रही है।

विकास का यह कारवां निरंतर चलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने इस मौके पर शौर्य स्मारक, जिला अस्पताल का लोकार्पण किया। इसके साथ ही रैनबसेरा भवन, नए विद्यालय ▶▶ शेष पेज 4 पर

राजगढ़ में 12.83 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन



### नदी जोड़ो परियोजना से राजगढ़ क्षेत्र का भूगोल और भाग्य दोनों बदलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपनी जमीनें न बेचें। पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो सिंचाई परियोजना से इस अंचल का बड़ा इलाका लाभान्वित होगा। नदी जोड़ो परियोजना से राजगढ़ क्षेत्र का भूगोल और भाग्य दोनों बदलेंगे। उन्होंने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नॉमिनेशन शुरू



**नई दिल्ली।** पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। बता दें कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इस तिथि तक नामांकन किया जा सकता है। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी।

### प्रसिद्ध ओडिया कवि रमाकांत रथ का निधन



**भुवनेश्वर।** ओडिया भाषा के प्रसिद्ध कवि और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रमाकांत रथ का रविवार को उनके खारवेल नगर स्थित आवास पर निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### बैतूल ऑयल लिमिटेड के टैंक में मिले दो शव



**बैतूल।** बैतूल आयल्स लिमिटेड में टैंक सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल के सामने चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। बैतूल ऑयल लिमिटेड में टैंक की सफाई के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई।

जाने-माने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से बातचीत में पीएम मोदी ने बताया

# संघ को समझना आसान नहीं...वह सिखाता है-हमेशा देश के 'काम आना'

*पीएम ने कहा कि मैं आलोचना का स्वागत करता हूं मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह लोकतंत्र की आत्मा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के जाने-माने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन से लंबी बातचीत हुई है। इसमें पीएम मोदी ने अपने बचपन से लेकर सार्वजनिक जीवन की यात्रा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की है। मोदी ने आरएसएस से अपने जुड़ाव के बारे में भी बात की है। मोदी ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने आरएसएस जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला।

बचपन में संघ की सभाओं में जाना हमेशा अच्छा लगता था। मेरे मन में हमेशा एक ही लक्ष्य रहता था, देश के काम आना। यही संघ ने मुझे सिखाया। आरएसएस इस साल 100 साल पूरे कर रहा है। आरएसएस से बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं है। आरएसएस को समझना आसान काम नहीं है, इसके कामकाज को समझना होगा। यह अपने सदस्यों को जीवन का उद्देश्य देता है। यह सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है और समाज सेवा ही ईश्वर की सेवा है। हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है। आरएसएस के कुछ सदस्यों ने शिक्षा में क्रांति लाने के लिए विद्या भारती नामक ▶▶ शेष पेज 4 पर

***संघ से जीवन का सार और मूल्य सीखा, मुझे उद्देश्यपूर्ण जीवन मिला***

***संघ सिखाता है कि राष्ट्र ही सब कुछ है, समाजसेवा ही ईश्वर की सेवा***

*संघ 100 साल पूरे कर रहा है। उससे बड़ा कोई स्वयंसेवी संघ दुनिया में नहीं*



पाकिस्तान को लेकर बोले

### उन्हें सद्बुद्धि मिलेगी और वे शांति का रास्ता चुनेंगे

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को लेकर भी बात की। पीएम ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि मिलेगी और वे शांति का रास्ता चुनेंगे। पीएम ने कहा कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं। मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था ताकि वह एक नया अध्याय शुरू कर सके, लेकिन शांति के हर प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है।

### पीएम मोदी ने मिनी ब्राजील का किया जिक्र

पीएम मोदी ने शहडोल की अपनी यात्रा को याद किया, जहां उन्होंने निवासियों के बीच खेल के प्रति गहरा प्रेम देखा जो अपने क्षेत्र को 'मिनी ब्राजील' कहते थे। मोदी ने कहा, 'शहडोल नाम का एक जिला है, जो पूरी तरह से आदिवासी क्षेत्र है। यहां आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। जब मैंने वहां का दौरा किया, तो मैंने लगभग 80 से 100 ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गोधरा दंगे पर बोले यह अकल्पनीय त्रासदी थी

पीएम मोदी ने गोधरा दंगों को लेकर इसे अकल्पनीय त्रासदी बताया। पीएम मोदी ने कहा 27 फरवरी, 2002 को, हम बजट सत्र के लिए विधानसभा में बैठे थे। मुझे एमएलए बने हुए सिर्फ तीन दिन ही हुए थे, जब अचानक, भयावह गोधरा की घटना घटी। यह अकल्पनीय त्रासदी थी। लोगों को जिंदा जला दिया गया। बेशक, यह सभी के लिए दुखद था। हर कोई शांति पसंद करता है। यह धारणा ▶▶ शेष पेज 4 पर

गडकरी बोले- कुछ भी हो सिद्धांत पर रहूंगा कायम

## जो भी करेगा 'जाति की बात' उसको मारूंगा कस के लात




एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बहुत से लोग जाति के आधार पर मुझसे मिलने आते हैं। मैंने उन सबसे 50,000 लोगों में कह दिया कि जो करेगा जाति की बात, उसके कस के मारूंगा लात। गडकरी ने एक बार फिर जातिगत भेदभाव के खिलाफ टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि मैं जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करता हूं। चाहे मुझे फिर वोट मिलें या न मिलें। उन्होंने कहा कि मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, मैं अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा। केंद्रीय मंत्री नागपुर में सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

### चुनाव हारने से कोई अपनी जान नहीं खोता

उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का मूल्य जाति, धर्म, भाषा या लिंग के बजाए उसके गुणों से निर्धारित होना चाहिए। किसी व्यक्ति को उसकी जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों से जाना जाता है। इसलिए हम जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे। गडकरी ने याद किया कि कैसे कई लोग अपनी जातिगत पहचान के आधार पर उनसे संपर्क करते थे, लेकिन वह अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे। उन्होंने कहा मैं राजनीति में हूं और यहां यह सब चलता रहता है, लेकिन मैं इससे इनकार करता हूं भले ही इससे मुझे वोट मिलें या न मिलें। मैं अपने हिसाब से चलता हूं। मेरे दोस्तों ने मुझे बताया कि मैंने ऐसा कहकर खुद को नुकसान पहुंचाया है। लेकिन मुझे इसकी चिंता नहीं है। चुनाव हारने से कोई अपनी जान नहीं खोता।

एएसआई की गलती से हुई घटना

### ताजमहल घूम रहे पर्यटकों पर मधुमक्खियों का हमला

एजेंसी ▶▶ आगरा



कई पर्यटक मधुमक्खियों के हमले में घायल

आगरा में रविवार को ताजमहल के रॉयल गेट पर मधुमक्खी का छत्ता टूटने से पर्यटकों में भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों ने पर्यटकों पर अटैक कर दिया। इससे भगदड़ मच गई।

कई पर्यटकों को मधुमक्खियों ने काट लिया। बताया गया है कि ताजमहल के रॉयल गेट पर मधुमक्खी का छत्ता बना हुआ था। छत्ते को हटाने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

रहमान को डिहाइड्रेशन की भी समस्या थी

### अपोलो अस्पताल से मिली छुट्टी, सीने में हुआ था दर्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रहमान रख रहे थे रोजा, शरीर में हो गई थी पानी की कमी

ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान (58) को चेन्नई के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। रहमान को सीने में दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया है।

शनिवार सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर सीने में दर्द की शिकायत के बाद चेन्नई के ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका इमरजेंसी वार्ड में इलाज ▶▶ शेष पेज 4 पर

आगर-मालवा: दिनदहाड़े बच्चे का अपहरण

### बहन के साथ मंदिर जा रहे मासूम को 'छीनकर' भागे

एजेंसी ▶▶ आगर मालवा



बच्चे की मां ने अपने पति पर लगाया आरोप

आगर मालवा में रविवार सुबह ढाई साल के एक बच्चे का अपहरण हो गया। 4-5 बदमाश बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए और बच्चे को उसकी बहन के हाथों से छीन कर भाग गए।

बच्चे की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। महिला ने अपने पति पर ही अपहरण कराने के आरोप लगाए ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भारत में बन रही एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब

1000 किमी प्रति घंटे से अधिक हो सकती है इसकी रफ्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास में महत्वाकांक्षी हाइपरलूप प्रोजेक्ट डेवलप हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में एशिया की सबसे लंबी हाइपरलूप ट्यूब तैयार होगी। उन्होंने कहा कि इसकी लंबाई 410 मीटर की होगी और यह जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी हाइपरलूप बन जाएगी। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना ▶▶ शेष पेज 4 पर

सभी दस्तावेजों से 'इंडिया' नाम हटेगा

## उज्जैन के संस्कृत विश्वविद्यालय में 'भारत' शब्द का इस्तेमाल होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के आधिकारिक दस्तावेजों पर 'इंडिया' शब्द की जगह 'भारत' शब्द का उपयोग किया जाएगा। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से 'इंडिया' शब्द को हटाने के प्रस्ताव को स्वीकार किया।

अब विश्वविद्यालय की वेबसाइट, विद्यार्थियों की कॉपी और कैलेंडर सहित सभी जगह भारत शब्द का प्रयोग होगा। इस फैसले के साथ, संस्कृत विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है जो अपने आधिकारिक दस्तावेजों में 'भारत' शब्द का ▶▶ शेष पेज 4 पर

- कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय

धरती से आए साथियों को देख खुशी से झूम उठीं सुनीता, उनके साथ किया डांस

### आईएसएस पर पहुंचा नासा का रॉकेट फाल्कन- 9

## इस हफ्ते के अंत तक अंतरिक्ष से लौटेंगी सुनीता विलियम्स...भगवान गणेश की मूर्ति है उनके साथ

*बीते नौ महीने से सुनीता साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस में फंसी हुई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते नौ महीनों से अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस में फंसी हुई हैं। विमान में तकनीकी खराबी होने के कारण 8 दिन में लौटने वाली सुनीता विलियम को अंतरिक्ष में 9 महीने हो चुके हैं, लेकिन अब राहत की बात यह है कि नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच गया है, यानी कि अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के पास अंतरिक्ष में पहुंच गए हैं। यह अंतरिक्ष यात्री फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए क्रू-10 मिशन ▶▶ शेष पेज 4 पर



### दो अमेरिकी व दो जापानी यात्री

क्रू-10 की सफल डॉकिंग के बाद, जैसे ही सुनीता विलियम्स और बुज विल्मोंर से बाकी अंतरिक्ष यात्री मिले तो दोनों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। अपने साथियों को देख दोनों ही बेहद खुश हुए और उनसे गले लग गए। सभी ने डांस किया और सेलिब्रेट किया। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों का फाल्कन 9 रॉकेट सुबह 9:40 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचा। अंतरिक्ष में जाने वाले सदस्यों में अमेरिका के दो अंतरिक्ष यात्री एन मौक्केलन और निकोल आयर्स हैं, जापान के अंतरिक्ष यात्री तुकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव हैं।

### सप्ताह के अंत तक लौटने की उम्मीद

क्रू-10 सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर के पास पहुंच तो गया है, लेकिन अब कुछ दिन तक अंतरिक्ष यात्री स्टेशन के बारे में और जानकारी इकट्ठा करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस हफ्ते के अंत तक सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेस एक्स कैप्सूल के जरिए अन्य साथियों के साथ धरती के लिए रवाना होंगे। नासा ने यह भी कहा है कि यदि मौसम सही रहा तो स्पेस कैप्सूल को बुधवार (19 मार्च, 2025) से पहले स्पेस स्टेशन से अलग करके फ्लोरिडा के तट पर लैंड कराया जाएगा।

## मप्र के नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय

# 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के गठन की चल रही कार्रवाई, मप्र को आर्थिक विकास केंद्र के रूप में स्थापित करने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेशकों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य में 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (महानगर) की कार्रवाई नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से की जा रही है। पहला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास और धार जबकि दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर विकसित करने की कार्रवाई चल रही है। इनके गठन से मप्र को एक आर्थिक विकास केन्द्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### मप्र की नगरीय क्षेत्र की भूमि है बहुमूल्य संसाधन

पहला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास और धार

दूसरा क्षेत्र भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा

#### ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए टीडीआर पोर्टल तैयार किया



मप्र की नगरीय क्षेत्र की भूमि बहुमूल्य संसाधन है, जिसका सुव्यवस्थित उपयोग शहरी विकास के लिए अति आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए टीडीआर (ट्रांसफर ऑफ डेवलपमेंट राइट्स) नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए टीडीआर पोर्टल तैयार किया गया है। यह पोर्टल भवन निर्माताओं और सम्पत्ति मालिकों को विकास अधिकारों के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करता है। इससे उन्हें मुआवजे के रूप में अतिरिक्त निर्माण क्षमता प्राप्त होती है।

#### ग्रीन एफएआर कॉन्सेप्ट प्रस्तुत

ग्रीन एफएआर कॉन्सेप्ट को इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी के तहत हरित क्षेत्र, वूडेड क्षेत्र और सिटी फॉरेस्ट के विकास के लिए प्रस्तुत किया गया है। यह कॉन्सेप्ट न केवल शहरी सौंदर्य को निखारेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। प्रदेश में भवन निर्माण की अनुमति को प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेही व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए ऑटोमेटिक बिल्डिंग परमीशन और अप्रूवल सिस्टम विकसित किया गया है। प्रदेश में अब तक 2 लाख 60 हजार आवेदनों को स्वीकृत किया गया है।

#### इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी

*राज्य सरकार ने सतत शहरी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी-2025 बनाई है। इस नीति का उद्देश्य निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से सुव्यवस्थित, आधुनिक और आत्मनिर्भर टाउनशिप विकसित करना है। यह नीति बेहतर बुनियादी सुविधाएं, हरित आवासीय क्षेत्र और स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देगी। इस नीति में लैण्ड पूलिंग कॉन्सेप्ट को भी अपनाया गया है, जिससे भूमि स्वामियों को उचित मुआवजे के साथ विकास में भागीदारी का अवसर मिलेगा।*

---

### मुख्यमंत्री ने भिंड स्थित अतिशय क्षेत्र बरासो में सुमेरु पर्वत निर्माण का किया शिलान्यास

# जनसामान्य की मूलभूत जरूरतों के साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### सीएम डॉ. यादव कार्यक्रम में भोपाल से वर्चुअली हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार जनसामान्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी काम कर रही है। विश्व में भारत की पहचान हमारे आध्यात्मिक विचारों तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत को व्यवहार में क्रियान्वित करने से निर्मित हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भिंड में स्थित अतिशय क्षेत्र बरासों में सुमेरु पर्वत निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम को राजकीय विमानतल भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बरासो में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की ख्याति सबको जीने का हक देने वाले देश के रूप में रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में, जीवन के सभी क्षेत्रों में गौरव अर्जित कर रहा है। भारतीय ज्ञान परम्परा के आध्यात्मिक तेज के साथ-साथ विश्व में देश की साख और धाक बढ़ रही है।

**खास बातें**

- बरासो में 414 फीट ऊंचे सुमेरू पर्वत का किया जाएगा निर्माण
- भारत की ख्याति सबको जीने का हक देने वाले देश के रूप में है



#### धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में गतिविधियों का हुआ विस्तार

*भिंड के बरासो में आयोजित कार्यक्रम को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, दिगम्बर संत आचार्य 108 सुबल सागर महाराज, परम पूज्य रामदास महाराज ने भी संबोधित किया। मंत्री शुक्ला ने यहां बनने वाली गो-शाला, विद्यालय और अस्पताल आदि के लिए दान देने वाले दानदाताओं तथा अन्य सहयोगियों का आभार माना। आचार्य 108 सुबल सागर महाराज ने कहा कि सात्विक, सदाचारी, शाकाहारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के क्षेत्र में गतिविधियों का विस्तार हुआ है।*

#### दुग्ध उत्पादन पर गो-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गो-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पहल की जा रही है। प्रदेश में दूध उत्पादन के साथ-साथ दूध के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन पर गो-पालकों को प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई है। गो-शालाओं को दिए जा रहे अनुदान को भी बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मप्र का स्थान भारत में तीसरा है, हमारा प्रयास प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने का है। दूध पर 5 रुपए प्रति लीटर बोनस की व्यवस्था की जाएगी, इससे कृषकों की आय बढ़ेगी और समाज सम्पन्न होगा।

#### नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञानार्जन के क्षेत्र में भी विशेष नवाचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरासो में बनाए जाने वाले स्कूल, कॉलेज, अस्पताल सहित अन्य जनकल्याण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के माध्यम से ज्ञानार्जन के क्षेत्र में भी विशेष नवाचार किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरासो के ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

#### टीकाकरण अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वस्थ बचपन सशक्त भविष्य का आधार है। टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) को मजबूत बनाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए प्रदेशवासियों से टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जनता से आह्वान किया है।

---

### कीटनाशक का आवश्यकता के अनुसार ही करें इस्तेमाल: मंत्री कंसाना

# ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक व नीदानाशक का कम से कम करें उपयोग

*ग्रीष्मकालीन मूंग में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का उपयोग हानिकारक*

*प्रदेश में 14.39 लाख हेक्टेयर में उगाई जा रही है ग्रीष्मकालीन मूंग फसल*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक एवं नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें।



मूंग फसल में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण पर सामने आया है। ऐसे में वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों की ओर से कई तरह की बीमारियां जन्म लेने की आशंका व्यक्त की गई हैं।

किसान मूंग फसल की पैदावार के लिए ऐसा चक्र अपनाएं, जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग प्राकृतिक रूप से अपने समय पर पक सके। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग पर कहा कि यद्यपि मूंग की पैदावार से प्रदेश में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। किसान इसे जल्दी पकाने के लिए कई बार नीदानाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का छिड़काव करते हैं। इस दवा के अंश मूंग फसल में कई दिनों तक विद्यमान रहते हैं, जो मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों के लिए अत्यंत हानिकारक हैं।

#### किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा

मंत्री कंषाना ने बताया कि कृषि एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पर्यावरणविद् और कृषि सुधार के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों ने अनुसंधान रिपोर्ट के आधार पर मूंग फसल में आवश्यकतानुसार ही कीटनाशकों के उपयोग का सुझाव दिया है। राज्य सरकार जैविक खेती को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है एवं किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

#### ग्रीष्मकालीन मूंग बनी किसानों के लिए तीसरी फसल का अच्छा विकल्प

प्रदेश के नर्मदापुरम, हरदा, सीहोर, नरसिंहपुर, बैतूल, जबलपुर, विदिशा, देवास और रायसेन में सहित कई जिलों में ग्रीष्मकालीन मूंग किसानों के लिए तीसरी फसल का अच्छा विकल्प बन चुकी है। वर्तमान में मूंग की फसल 14.39 लाख हेक्टेयर रकबे में लगाई जा रही है। इसका उत्पादन 20.29 लाख मीट्रिक टन है। प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग का औसत उत्पादन 1410 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है।

---

### प्रदेश के रासेयो युक्त सभी विवि को पत्र जारी

## युवा संसद 2025 शुरू: अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता के लिए कुलसचिवों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त विश्वविद्यालयों में शनिवार से विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में रासेयो युक्त सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों के साथ ही सभी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा को निर्देशित किया गया है।

इस आयोजन में युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए यह निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के रासेयो युक्त सभी विवि को पत्र जारी किया गया था। इस आयोजन में नोडल महाविद्यालयों के अधीन आने वाले महाविद्यालयों के प्राचार्यों की रुचि अपेक्षाकृत कम परिलक्षित हो रही है।

#### ऐसा रहेगा पहला चरण

*क्षेत्रीय अतिक्ति संचालक उच्च शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है कि विकसित युवा भारत संसद 2025 में युवाओं की सहभागिता करने के लिए पहले चरण में 16 मार्च तक सुनिश्चित की गई है। संबंधित नोडल महाविद्यालय के अधीन आने वाले सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस कार्यक्रम में छात्रों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया जाए।*

---

### सोशल मीडिया पर सौरभ का मामला उठाया

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने किया प्रश्न पूछा, 52 किलो सोना किसका?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक बार फिर सौरभ शर्मा मामले में सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने अपने



सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की पोस्ट करते हुए कहा है कि कौन बताएगा कि कार से मिला 52 किलो सोना किसका है।

उन्होंने जांच एजेंसियों को लेकर भी तंज कसते हुए कहा कि चार-एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही है, पर इनमें आपस में ही तालमेल नहीं। तीनों एजेंसियां 52 किलो सोने के असली वारिस का पता नहीं कर सकी।

---

### स्वच्छता, ऊर्जा दक्षता का बेहतर प्रबंधन किया

## भोपाल रेल मंडल के नौ स्टेशनों को मिला ग्रीन सर्टिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पमरे के भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों को ग्रीन सर्टिफिकेशन मिला है। यह आइएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (इएमएस) प्रमाणपत्र यात्रियों को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए दिया है। यह प्रमाणपत्र पर्यावरणीय गुणवत्ता, स्वच्छता, जल संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के बेहतर प्रबंधन के लिए दिया जाता है। यह प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले रेलवे स्टेशनों में भोपाल, बीना, इटारसी, गंजबासौदा, गुना, नर्मदापुरम, सांची, शिवपुरी और विदिशा हैं।

#### कचरे का निपटान

*इस प्रमाणन के तहत रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, वैज्ञानिक कचरा निपटान, पुनर्चक्रण, ऊर्जा बचत और सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मंडल के इन रेलवे स्टेशनों पर उच्च स्वच्छता मानकों को अपनाया है। कचरे का व्यवस्थित निपटान, और जल संरक्षण के लिए विशेष उपाय किए गए हैं। ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।*

---

### कूनो में बढ़ेगा चीतों का कुनबा: मुख्यमंत्री

## शावकों के साथ आज खुले जंगल में छोड़ी जाएगी मादा चीता गामिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कूनो नेशनल पार्क के खजूरी पर्यटन जोन में दक्षिण अफ्रीका से आई मादा चीता गामिनी अपने दो नर और दो मादा शावकों के साथ सोमवार को खुले जंगल में छोड़ी जाएगी। सफारी के दौरान पर्यटकों को चीतों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलेगा, जिससे निश्चित ही पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि मप्र सरकार वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए



संकल्पित है। मादा चीता गामिनी अपने दो नर और दो मादा शावकों के साथ 17 मार्च सोमवार को खुले जंगल में छोड़ी जाएगी। इससे कूनो में चीतों का कुनबा और बढ़ जाएगा।

---




#### मोहन-ज्योतिरादित्य के बीच अच्छी केमिस्ट्री

सीएम डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच केमिस्ट्री अच्छी देखने को मिल रही है। इसकी वजह खुद सिंधिया भी हैं। सिंधिया ने पार्टी नेतृत्व का भरोसा जीतने में कामयाबी हासिल की है। पार्टी आलाकमान उनके ग्वालियर स्थित महल जाकर उनकी खातिरदारी स्वीकार कर चुका है। संभवत: इसे ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी अन्य नेताओं की तुलना में सिंधिया को ज्यादा तरजीह देते दिखते हैं। माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व का दर्जा देने के मामले को ही ले लीजिए। सिंधिया के प्रयास से इसे टाइगर रिजर्व का दर्जा देने का फैसला दिसंबर 2024 में ही ले लिया गया था लेकिन इसकी घोषणा मार्च में हुई। 10 मार्च को ज्योतिरादित्य के पिता स्व. माधव राव सिंधिया की जयंती होती है। इसकी वजह से सिंधिया परिवार का माधव राष्ट्रीय उद्यान से विशेष लगाव है। ज्योतिरादित्य की कोशिश होती है कि इस उद्यान से जुड़े सभी प्रमुख कार्य 10 मार्च को ही हों। इस मसले पर भी ऐसा ही हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का शुभारंभ 10 मार्च को ही किया।

#### सारी मार्यादाएं लांघ रहा भूपेंद्र-हेमंत के बीच विवाद

पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे के बीच चल रहा विवाद मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहा है। विधानसभा के अंदर इन दोनों के बीच जैसा वाद-विवाद हुआ, उससे सदन की मर्यादा तार-तार थी। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को इस पर व्यवस्था देना पड़ी और सदन की गरिमामयी परंपरा की याद दिलाना पड़ी। व्यवस्था देते समय तोमर भावुक थे। तोमर ने अमर्यादित बहस कार्रवाई से बाहर भी निकाल दी। इसके बाद भी भूपेंद्र और हेमंत के बीच विवाद थमा नहीं है। अब हेमंत ने भूपेंद्र को पागल कह कर उन्हें पागलखाने तक भेजने की बात कह दी है। भूपेंद्र का साथ देने कोई नेता सामने नहीं आ रहा। ठीक उसी तरह जैसे प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल को पार्टी और सरकार में किसी का साथ नहीं मिला।

#### रुतबे वालों के लिए ये कानून कहां?

प्रदेश सरकार के कुछ नियम-कानून ऐसे हैं, जो कुछ अंतराल के बाद जारी होते रहते हैं। इनमें से एक है चार पहिया वाहनों के ऊपर लगे हूटर हटाने का अभियान। आदेश जारी होने के बाद सरकार के एक मंत्री का हूटर निकालते फोटो भी जारी हुआ था। हालांकि, सभी मंत्री ऐसे नहीं हैं। लेकिन इस नियम के अमल की हकीकत देखना है तो ऐसी जगह पहुंच जाइए, जहां मंत्रियों, विधायकों के साथ अन्य नेताओं की भीड़ पहुंचती है। तत्काल पता चल जाएगा कि यह कानून सिर्फ आम लोगों के लिए है, असरदारों के लिए नहीं। इस समय विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। वहां पुलिस का बड़ा अमला तैनात रहता है। वहां हूटर लगे वाहनों की लंबी कतार देखने को मिल जाती है। सवाल यह है कि जब पुलिस में सभी वाहनों से हूटर हटवाने का दम नहीं है, तो यह आदेश बार-बार जारी कर अभियान चलाया ही क्यों जाता है?

#### 'बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह'

हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गोपाल के गृह नगर गढ़ाकोटा रहस मेला कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने भी कहा कि 'बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह'। उन्होंने कहा कि दीपू भाई (अभिषेक) बढ़िया भाषण देते हैं। उनके पिता और हम सबसे वरिष्ठ गोपाल भार्गव का पूरा चुनाव वे ही देखते हैं। भार्गव जी एक भी दिन के लिए प्रचार के लिए नहीं निकलते, तब भी रिकॉर्ड वोटों के अंतर से जीतते हैं। इससे पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी अभिषेक की चाहे जब तारीफ करते थे। हालांकि, दीपू को उनकी योग्यता के अनुसार आज तक कोई पद नहीं मिला।

#### चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते कांग्रेस प्रभारी?

कांग्रेस नेताओं के अंदर चलने वाला शह-मात का खेल प्रदेश में पार्टी की दुर्दशा की एक वजह है। कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के आने के बाद भी यह खेल थमा नहीं है। इससे पहले जब भंवर जितेंद्र सिंह प्रदेश प्रभारी थे, तब से प्रदेश में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। चयन प्रक्रिया पूरी कर सूची भी कांग्रेस नेतृत्व के पास भेज दी गई थी। सूची को केंद्र से हरी झंडी मिल नहीं पाई और जितेंद्र के स्थान पर हरीश चौधरी प्रभारी बन कर आ गए। लिहाजा, पार्टी के कुछ नेता नए प्रभारी के जरिए अपनी चाहत पूरी करने में जुट गए। इसकी भनक जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को लगी, उन्होंने आनन- फानन भंवर जितेंद्र की सिफारिश लगवा कर केंद्रीय नेतृत्व से जिलाध्यक्षों की सूची स्वीकृत करा ली। हरीश चौधरी अब चाह कर भी उसमें ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। हालांकि वे चाहेंगे तो अपनी पसंद के कुछ नाम जोड़-घटा सकते हैं। ब्लॉक अध्यक्षों को लेकर सहमति बन गई है कि यह सूची चौधरी की स्वीकृति के बाद ही आगे बढ़ेगी।

दिनेश निगम 'त्यागी'

---

### नैक मूल्यांकन पर एक बार फिर उठा सवाल

# दर्जनों उपलब्धियां कॉलेज के खाते में... बावजूद बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल को फिर मिला बी++ ग्रेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल को हाल ही में नेक द्वारा बी++ ग्रेड दिया गया है। इससे पहले भी इसे बी++ ग्रेड मिला था। इससे एक बार फिर नेक मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। इससे पहले 2017 में भी भेल कालेज को नेक द्वारा बी++ ग्रेड दिया गया था।

अब वर्ष 2024 में कई उपलब्धियों के बावजूद बी++ ग्रेड दिया गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस बार अक्टूबर 2024 में नेक मूल्यांकन में बी+ मिलने पर पुर्नमूल्यांकन की अपील की थी। जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भी इसे लेकर गुहार लगाई। इस पर नेक ने अपील स्वीकार कर आनलाइन रीविजिट प्रक्रिया अपनाकर फिर मूल्यांकन किया, जिसके बाद बी++ ग्रेड मिला है।

#### कॉलेज के खाते में यह हैं बड़ी उपलब्धियां

इस मामले में प्राचार्य डॉ. संजय जैन का कहना है कि वर्ष 2017 से 2024 तक भेल कॉलेज को अनेक उपलब्धियां हासिल हुईं हैं। इनमें विश्व बैंक द्वारा निर्मित 650 लाख रुपए लागत का नवीन भवन, 6 स्मार्ट क्लास, वर्चुअल कांफ्रेंस रूम, ई-ग्रंथालय, ओपन जिम, कम्प्यूटर लैब, उन्नत प्रयोगशालाएं, बॉटनीकल गार्डन, एनएसएस की अतिरिक्त इकाई, पंजीयत एलमिनॉय एसोसिएशन, आईटी सुविधा युक्त परिसर, आरोग्यम, हरीतिमा जैसी बेस्ट प्रेक्टिसेज, विभिन्न 27 संस्थाओं से एमओयू, वेल्यू एडड कोर्स का संचालन इनमें प्रमुख उपलब्धियों हैं। आईक्यूएसी को-आर्डिनेटर डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव ने बताया कि इतनी उपलब्धियों के बावजूद भी बी+ ग्रेड मिलने पर विभिन्न 21 बिन्दुओं पर नेक को पुनर्मूल्यांकन के लिए अपील की गई हैं। इसमें 11 बिन्दु क्यूएनएम (क्वानटीटेटिव मैट्रिक्स) संबंधी थे। यह मुख्यत: शिक्षा की गुणवत्ता मूल्यांकन, शोध और विस्तार मूल्यांकन एवं प्रशासन और प्रबंध मूल्यांकन पर आधारित हैं, जबकि 10 बिन्दु क्यूएलएम (क्वालिटेटिव मैट्रिक्स) से सम्बंधित थे, जो शिक्षा गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण पद्धति में सुधार और छात्रों की उपलब्धि पर आधारित हैं।

#### ऐसे मिला बी++ ग्रेड

को-आर्डिनेटर डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार नेक द्वारा क्यूएनएम के लिए पहले से दिए गए एसएसआर (सेल्फ स्टडी रिपोर्ट) के आधार पर पुनर्मूल्यांकन किया गया। क्यूएलएम के लिए आनलाइन विजिट कर केवल पांच बिन्दुओं का ही पुनर्मूल्यांकन किया गया है। इनमें प्रमुख रूप से क्रॉस कटिंग इश्यू, आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता, प्रोग्राम आउटकम और कोर्स आउटकम प्रदर्शन, आईटी फेसिलिटी और एलमिनाय एसोसिएशन का कन्ट्रीब्यूशन पर आधारित रहा है। आईक्यूएसी के इन बिन्दुओं से संतुष्ट होकर नेक ने पुनर्मूल्यांकन के बाद बी++ग्रेड दिया है। आईक्यूएसी सहित कॉलेज स्टाफ का मानना है कि इस महाविद्यालय का परफार्मेंस ए ग्रेड के बराबर है। यदि अपील के सभी बिन्दुओं पर नेक पुनर्विचार कर निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन करता तो ए ग्रेड पाया जा सकता था।

#### उच्च शिक्षा विभाग ने आंका ए+ ग्रेड का

उच्च शिक्षा विभाग और राज्य स्तरीय नैक सेल द्वारा की जा रही मॉनिटरिंग और दो बार के मॉक टीम विजिट में भेल कॉलेज को ए और ए प्लस ग्रेड के समकक्ष आंका गया था। ऐसे में नेक द्वारा बी+ देना सवाल खड़े करता है। सरकारी कॉलेज होने के कारण स्टाफ और इंफ्रास्ट्रक्चर पर शासकीय निर्भरता रहती है। कॉलेज को उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करना होता है, जो कॉलेज प्रशासन द्वारा संभवत: किया गया है। महाविद्यालय से जुड़ा हर हितग्राही चाहे वह छात्र-छात्राएं हों, एलमिनॉय, अभिभावक, स्थानीय रहवासी, जनप्रतिनिधि और जनभागीदारी सदस्य हों। सभी मानते हैं कि वर्ष 2017 से 2024 तक कॉलेज का तेजी से विकास हुआ है।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 17 मार्च 2025

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.35 शाम (सोम)
सहरी 05.03 सुबह (मंगल)





बादलों का डेरा...

**भोपाल।** रविवार को राजधानी में बादल छाये रहे, जिससे तेज गर्मी से कुछ राहत रही। वहीं मौसम विभाग ने राजधानी में जल्द ही बारिश की संभावना जताई है। चित्र शाम करीब 6.15 बजे करोंद ब्रिज से लिया गया है, जिसमें बादलों के बीच सूरज की लालिमा बादल के कुछ टुकड़ों पर नजर आ रही है।

## होली की ड्यूटी में तैनात टीआई का आकस्मिक निधन

**भोपाल।** बेटमा में होली पर ड्यूटी करने गए ग्रामीण आईजी कार्यालय में पदस्थ टीआई संजय पाठक का



हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन होने के बाद विभाग में शोक की लहर है। संजय पाठक का निधन होने के कारण सोमवार 17 मार्च को लाल परेड कबड्डी मैदान में होने वाला होली मिलन समारोह निरस्त कर दिया गया है।

### लाल परेड कबड्डी मैदान में होने वाला होली मिलन निरस्त

उल्लेखनीय है कि संजय पाठक को ड्यूटी के दौरान अचानक घबराहट हुई थी। उन्हें सीपीआर देने के बाद साथी पास के अस्पताल ले गए। वहां से इंदौर भेजा गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

दो किन्नरों पर आरोप, हमलावर भी हुए घायल, हत्यारे बताए जा रहे मृतक के करीबी

## चाकू से गोदकर युवक की हत्या... बैंड मास्टर चौराहे पर मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया थाना क्षेत्र में रविवार सुबह रंजिश में हुए विवाद के बाद दो किन्नरों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू से हुए ताबड़तोड़ हमले के बाद युवक को अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हमलावरों को भी चाकू लगने से चोट आई है। उनका इलाज चल रहा है। हमलवार किन्नर और युवक आपस में दोस्त बताए जा रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि हत्या के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। अभी हत्या की स्पष्ट वजह का खुलासा नहीं हो सका है। हालांकि, पुलिस को जानकारी मिली कि झगड़े में मृत हुए युवक का किन्नरों साथ बैठना था। कुछ दिन पहले ही उनका पैसों की बात को लेकर विवाद भी हुआ था। इसी का बदला लेने युवक अपने साथियों के साथ बरखेड़ी से बैंड मास्टर चौराहा पर पहुंचा था और वहां उसकी हत्या हो गई।

» कुछ दिन पहले ही किन्नरों से पैसों की बात को लेकर हुआ था विवाद हमले के बाद बैंड मास्टर चौराहे पर छोड़कर भाग खड़े हुए थे हमलावर



### सीट कवर बनाने की फैक्ट्री में करता था काम

थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि बरखेड़ी निवासी 23 साल का आदिल खान, सीट कवर बनाने के कारखाने में काम करता था। उसकी बुधवारा इलाके में रहने वाले किन्नरों से दोस्ती थी। उसके भाई ने पुलिस को बताया कि आदिल सुबह कुछ लोगों के साथ घर से निकला। सुबह करीब 9 बजे परिवार को सूचना मिली कि आदिल बुधवारा के बैंड मास्टर चौराहा के पास घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा है। वे मौके पर पहुंचे तो आदिल लहूलुहान पड़ा हुआ था। उसकी सांसें चल रही थीं। वह उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद आदिल को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आदिल और अलवीरा खान और नवाब नाम के दो किन्नर के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान उनके बीच झड़प हुई और आदिल ने दोनों पर हमला कर दिया। इस बीच अलवीरा और नवाब ने चाकू निकाला और आदिल के सीने और गर्दन पर कई बार वार किए।

### आदिल ने अलमीरा पर किया हमला

घटना का पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है। फुटेज में आदिल ने अलवीरा और नवाब पर हमला करते हुए नजर आया। वह उन दोनों किन्नरों का पीछा करते हुए भी दिखाई दे रहा है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों किन्नर आदिल के हमले से डरकर पहले भाग गए, लेकिन फिर वापस लौटे और आदिल पर चाकू से वार किया। थाना प्रभारी चतुर्भुज राठौर ने बताया कि मारपीट में हमलावरों को भी चोटें आई हैं। उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है।

### आदिल का भाई भी गला रेतकर कर चुका सुसाइड

टीआई ने बताया कि उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। इस संबंध में उनसे आगे की पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आदिल की शादी करीब एक माह पहले हुई थी। उसके बड़े भाई ने तीन साल पहले जहांगीराबाद इलाके में एक युवती के घर के सामने खुद का चाकू से गला रेतकर आत्महत्या कर चुका है। परिजन ने उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए उस समय चक्काजाम भी किया था।

दर्द के कारण कर रहा था खुदकुशी का प्रयास

## ट्रेन की चपेट में आने से शरीर से अलग हुआ युवक का हाथ, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर फाटक के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक का हाथ शरीर से कटकर अलग हो गया। वहां मौजूद लोगों ने तड़प रहे युवक को अस्पताल भेजने के लिए एंबलुंस 108 को सूचना दी। एंबुलेंस करीब एक घंटा देरी से मौके पर पहुंची। इस बीच वहां से गुजर रही ट्रेनों से आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने उसे रोक लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात छोटू यादव (18) नामक युवक को सुभाष नगर फाटक के पास पटरी किनारे देखा गया था। कुछ देर बाद ही ट्रेन आ गई और छोटू चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से वह उछलकर दूर जा गिरा। उसका एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो चुका था। राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन कॉल प्रतिक्षा में था। इधर, घायल छोटू बार-बार रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या करने की कोशिश करता रहा। एंबुलेंस के पहुंचने में देरी होने से लोग गुस्से में आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायल को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक वहां क्या काम कर रहा था। उसके बयान दर्ज होने के बाद ही सच्चाई सामने आ सकेगी।

### एक घंटे बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस

लोगों ने घटना के फौरन बाद ही एंबुलेंस 108 को कॉल कर दिया था। जानकारी के मुताबिक एंबुलेंस 108 का एवरेज रिस्पांस टाइम 18 मिनट बताया गया है। इस हादसे में एंबुलेंस आने में एक घंटे से भी अधिक का समय लग गया।

## भोपाल मंडल से संचालित ट्रेनों में नहीं है पेंट्रीकार की सुविधा, यात्री भूख व प्यास से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल एक्सप्रेस, रानीकमलापति-पुणे हमसफर एक्सप्रेस सहित मंडल की अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा नहीं है, जिससे सफर के दौरान यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सालों से यात्री मंडल से संचालित ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस पर अभी तक अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भोपाल व रेल मंडल से गुजरने वालीं 33 ट्रेनों में पेंट्रीकार से खाने की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। लेकिन इस पर भी अभी तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ट्रेनों में पेंट्रीकार नहीं होने से कई बार यात्री चेन पुलिंग कर हंगामा तक कर चुके हैं।

◆ *रेलवे के पास पहुंच रही लगातार शिकायतें, पुणे रूट के यात्री अधिक परेशान*



### सैकड़ों शिकायतें, पर निराकरण किसी का नहीं

लंबी दूरी की ट्रेनों में पेंट्रीकार नहीं होने और लंबी-लंबी दूरी पर स्टॉपेज होने से यात्रियों को होने वाली परेशानी के बारे में कई बार मंडल से लेकर रेलवे बोर्ड तक शिकायत की जा चुकी है। अलग-अलग स्तर पर यात्रियों ने ये शिकायतें अपने-अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के जरिए करवाई, लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं हुआ।

### 100 से 150 किमी पर होना चाहिए स्टॉपेज

रेलवे सूत्रों के अनुसार नियमानुसार स्पेशल ट्रेन का स्टॉपेज हर 100 से 150 किलोमीटर में आवश्यक रूप से होना चाहिए। लेकिन कई ट्रेनों में 200 किमी के बाद स्टॉपेज दिया जाता है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अगर स्टापेज कम दूरी पर हो तो सफर करने वाले यात्री अपनी जरूरत का सामान ले सकें। बहुत से यात्री सफर के दौरान खाने-पीने का सामान कम रखते हैं और स्टेशनों में ही खाने-पीने का सामान लेकर सफर पूरा करते हैं। ऐसे यात्रियों को लंबी दूरी के स्टॉपेज वाली ट्रेन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

रेलवे हमेशा यात्रियों को अच्छी से अच्छी सुविधा देने का प्रयास करता है। ट्रेन में पेंट्रीकार की समस्या पर यात्रियों द्वारा ध्यानाकर्षण कराया है, जिस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**हर्षित श्रीवास्तव**, सीपीआरओ

## पिकअप वाहन में मवेशियों का परिवहन, बजरंगियों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित सैनी चौराहा पर शनिवार तड़के बजरंगियों ने एक पिकअप वाहन को रोककर उसमें भरे 9 मवेशियों को छुड़वाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी मवेशियों को सूखीसेवनिया स्थित गोशाला में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस मवेशियों का अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि पिकअप वाहन में 9 मवेशियों को ठूस ठूसकर भरा गया था।

■ ड्राइवर और कंडक्टर भागे, पुलिस ने गोशाला में सुरक्षित भेजा

पुलिस के अनुसार सोनू अहिरवार हिंदू संगठन के लिए काम करते हैं। सोनू ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन में मवेशियों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। वे कार्यकर्ताओं के साथ चौरसिया ढाबा पर खड़े हो गए और पिकअप वाहन का इंतजार करने लगे। इसी बीच शनिवार तड़के सवा 3 बजे उन्हें पिकअप वाहन आता हुआ नजर आया। उन्होंने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पिकअप के ड्राइवर ने वाहन की गति बढ़ा ली और वह नहीं रुका। ऐसे में सोनू अहिरवार और उनके साथ मौजूद कार्यकर्ताओं ने पिकअप का पीछा किया और सैनी चौराहा के पास पिकअप वाहन का ड्राइवर और कंडक्टर वाहन छोड़कर फरार हो गए।

### रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मिली सूचना

रात्रि गश्त में लगे प्रधान आरक्षक अरविंद जाट ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि हिंदू संगठन ने मवेशियों से भरा वाहन रोका है। वे मौके पर पहुंचे और वाहन की तलाश की। इस दौरान वाहन में ठूंस-ठूंसकर 9 मवेशियों को भरा गया था और उन्हें बांधा गया था। मवेशियों की हालत गंभीर थी। हालांकि किसी भी मवेशी की मौत नहीं हुई है।

## रेलवे बोर्ड ने रोकी भोपाल मंडल सहित पमरे जोन की 100 से ज्यादा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेलवे जोन और उसके तीनों मंडलों- जबलपुर, भोपाल और कोटा में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक होने वाली सभी विभागीय परीक्षाओं को रोक दिया है। इससे करीब 100 से ज्यादा आगामी परीक्षाओं और इनमें भरे जाने वाले लगभग एक हजार से ज्यादा पदों पर असर पड़ेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मार्च में हुई विभागीय परीक्षाओं के परिणाम पर भी रोक लगा दी गई है। कोटा मंडल में हुई परीक्षाओं की सीबीआई जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद रेलवे बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।

### बोर्ड का आदेश है...

रेलवे बोर्ड के आदेश पर तीनों मंडलों और पमरे जोन द्वारा ली जाने वाली विभागीय परीक्षाओं पर रोक लगा दी गई है। यह रोक अगले आदेश तक रहेगी। इस पर बोर्ड नई व्यवस्था बना रहा है, जैसे ही यह लागू होगी, विभागीय परीक्षाएं होने लगेंगी।

**हर्षित श्रीवास्तव**, सीपीआरओ, पमरे जोन

नए सत्र को लेकर तैयारियां तेज

## आज स्कूलों में प्रबंध समिति की बैठक का अंतिम दिन

1 अप्रैल से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शुरू होगा नया सत्र, 25 तक नामांकन भी पूरा करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में परीक्षाओं दौर जारी है। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग नए सत्र को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 1 अप्रैल से प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव के साथ नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो जाएगा। निर्देश दिए गए हैं कि स्कूलों में शाला प्रबंध समिति एवं अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया जाए। इसके तहत स्कूलों में सोमवार तक प्रत्येक विद्यार्थी के माता-पिता को आमंत्रित किया जाना है और बच्चे की विगत वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी देनी है। हालांकि अभी भी कई स्कूलों में शाला प्रबंध समिति की बैठक नहीं हो सकी है, ऐसे में तारीख में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### स्कूलों को सजाया जाएगा

शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले स्कूलों को सजाया जाएगा। इस दिन बाल सभा का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों का स्वागत किया जाएगा। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, स्कूलों एक अप्रैल को ही सभी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया जाए। इससे पहले 25 मार्च तक कक्षाओं में नामांकन कार्य पूरा करना है।

### स्कूल छोड़ने वाले बच्चों से किया जाएगा संपर्क

यह भी निर्देशित किया गया है कि जो विद्यार्थी दो साल पहले स्कूल में अध्ययनरत थे, लेकिन इस साल किसी भी स्कूल में नहीं हैं, यानी शाला त्यागी हैं या ड्राप बाक्स में चले गए हैं, ऐसे बच्चों को स्कूल में लाने के लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी दी जाए। एक शिक्षक को 10 विद्यार्थियों की जिम्मेदारी सौंपी जाए। उनका 10 अप्रैल तक भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जाए।

दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों की कॉपियों का पहले चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू

## माशिमं: गलत मूल्यांकन किया तो शिक्षक पर लगेगा 100 रुपए जुर्माना, अच्छे और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं अंतिम चरण में हैं। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों की कॉपियों का पहले चरण का मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया। इसमें एक मार्च तक हुए दसवीं-बारहवीं के पेपर की कॉपियों का मूल्यांकन पहले चरण में किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक गलत मूल्यांकन कर एक नंबर बढ़ाता है, तो उन्हें सौ रुपए जुर्माना भरना होगा। एक मार्च के बाद होने वाले पेपरों का मूल्यांकन 19 मार्च से होगा। मंडल द्वारा मूल्यांकन जिला मूल्यांकन स्तर पर किया जा रहा है।

एक मार्च के बाद होने वाले पेपरों का मूल्यांकन 19 मार्च से होगा



राजधानी में मूल्यांकन केंद्र समन्वयक संस्था मॉडल स्कूल टीटी नगर को बनाया गया है। मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को मंडल ने अच्छे और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। ऐसे छात्र जिन्हें एक नंबर भी न मिला हो अथवा जिनके नंबर 90 प्रतिशत से अधिक हों, उनकी कॉपी दोबारा चौक की जाएगी। इनके अलावा एक या दो नंबर से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी को पात्रता से वंचित होने वाले परीक्षार्थियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें हर पेज पर मिले अंकों को जोड़ने में भी विशेष सावधानी रखी जाएगी।

### रोजाना अधिकतम 45 उत्तर पुस्तिकाएं जांच सकेंगे

विद्यार्थियों की एक करोड़ से ज्यादा कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जाएगी। इसमें बारहवीं की कापी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। मूल्यांकन के दौरान केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। हाईस्कूल की प्रति कॉपी चैक करने पर 12 रुपए व हायर सेकेंडरी के लिए 13 रुपए मिलेंगे। कापी बैंक करने की राशि के अलावा मूल्यांकनकर्ताओं को प्रतिदिन आने-जाने का भत्ता दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बैंक यूनियन की 24-25 मार्च को हड़ताल


**कोलकाता।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने कहा कि 24 और 25 मार्च को उसकी दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। यूएफबीयू ने कहा कि कर्मचारी संगठन की प्रमुख मांगों पर भारतीय बैंक संघ के साथ बातचीत में कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल पाया।

### एआई में साठगांठ को सक्षम करने की क्षमता



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की प्रमुख रवनीत कौर का मानना है कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधुनिक बाजार में एक उत्प्रेरक शक्ति है, जिसमें साठगांठ को सक्षम करने की क्षमता है। डायनेमिक मूल्य निर्धारण की आड़ में यह एल्गोरिदम संबंधी भेदभाव की संभावना पैदा कर सकता है। उन्होंने विश्वास आधारित विनियमन के साथ-साथ दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत पर जोर दिया।

### रिकॉर्ड 7.2 अरब डॉलर के विलय-अधिग्रहण सौदे




**नई दिल्ली।** भारत में फरवरी में विलय-अधिग्रहण एवं निजी इक्विटी सौदों में रिकॉर्ड उछाल देखा गया। ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 7.2 अरब डॉलर के 226 विलय-अधिग्रहण और निजी इक्विटी सौदे हुए। यह पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक मासिक आंकड़ा है।

### अमेरिका में निवेश निर्णय में होगी देरी



**नई दिल्ली।** टाटा टेक्नोलॉजीज के अमेरिका में निवेश के निर्णय में देरी हो सकती है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वारेन हैरिस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की शुल्क नीतियों को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है जिसकी वजह से वहां निवेश के हमारे निर्णय में विलंब हो सकता है।

### लाल मिर्च की कीमतों में सुधार, किसानों को राहत



**विजयवाड़ा।** लाल मिर्च के भाव में आई उल्लेखनीय गिरावट के बाद में घोषित आंध्र प्रदेश सरकार की बाजार हस्तक्षेप योजना से कीमतों में उछाल आया है और किसानों के लिए ये लाभकारी स्तर पर स्थिर हो गई हैं। मिर्च की कीमतें पिछले सत्र में 28,000 रुपये प्रति क्विंटल से गिरकर 7,000 रुपये प्रति क्विंटल से भी नीचे आ गई थीं।

### शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा



**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 503.67 अंक या 0.68 प्रतिशत नीचे आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 155.3 अंक या 0.69 प्रतिशत का नुकसान रहा।

# सरसों-सोयाबीन तेल में गिरावट, मूंगफली-पामोलीन-बिनौला में सुधार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीते सप्ताह सरसों की खाली पाइपलाइन के बीच बड़ी तेल पेराई मिलों द्वारा इसका स्टॉक जमा करने के लिए हाजिर बाजार में दाम तोड़ने से सरसों तेल-तिलहन तथा सोयाबीन सीड (तिलहन) का दाम टूटने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। दूसरी ओर, आवक घटने एवं मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन, विदेशों में दाम बढ़ने से पाम एवं पामोलीन तेल तथा सस्ते दाम पर लिवाली बढ़ने से बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ।

### दिल्ली में बढ़ा दाम

जहां बड़ी तेल मिलें सरसों के हाजिर दाम तोड़ने में लगी हैं वहीं दिल्ली की नजफगढ मंडी में, जहां ज्यादातर छोटी तेल मिलें सरसों खरीदती हैं, सरसों के दाम में 100 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़त देखी गई। बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के हाजिर दाम तोड़े जाने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट दर्ज हुई।

## किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने की उम्मीद

### बिनौला सीड खरीदने की मजबूरी

सूत्रों ने कहा कि कम उत्पादन के कारण बिनौला सीड की कमी का सामना कर रहे उत्तर भारत के हरियाणा, पंजाब की तेल मिलों को महाराष्ट्र से बिनौला सीड खरीदना पड़ रहा है। पिछले महीने बिनौला सीड का खरीद भाव 3,600 रुपये था जो बीते सप्ताह बढ़कर 4,200 रुपये क्विंटल हो गया। इस वृद्धि के कारण बीते समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल के दाम में भी सुधार दर्ज हुआ। कपास की अधिकांश फसल बाजार में खप चुकी है और लगभग 16-17 प्रतिशत फसल ही बची है जो मजबूत किसानों के पास है। कपास नरमा का वह 8,000 रुपये क्विंटल का भाव मिलने का इंतजार कर रहे हैं।



### बगैर लाभ के बेच रहे सोयाबीन तेल

पैसों की तंगी और बैंकों में अपना ऋण साख-पत्र चलाते रहने के मकसद से आयातक सोयाबीन तेल बगैर किसी लाभ के बेच रहे हैं। इसके अलावा सोयाबीन सीड का दाम टूटने की वजह से मुख्यतः सोयाबीन तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। किसानों के पास अब मूंगफली का अधिक स्टॉक नहीं रह गया है। एमएसपी से 14-15 प्रतिशत के नीचे दाम पर किसान अब अपनी उपज को बेचने से कतराने लगे हैं।

### सरसों का नहीं बचा स्टॉक

सरसों का कोई स्टॉक किसी के पास नहीं बचा है और पाइपलाइन खाली है जिसे देखते हुए देश की बड़ी तेल मिलें किसानों से सस्ते में खरीद कर स्टॉक जमा करने के लिए हाजिर दाम तोड़ रही हैं। इस वजह से देखा जा रहा है कि सुबह के कारोबार में दाम टूटने के बाद शाम को दाम बार फिर सुधर जाते हैं। गत दो-तीन दिन से मंडियों में सरसों की आवक घटी है क्योंकि किसानों को जल्द ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों की सरकारी खरीद शुरू होने की उम्मीद है।

### कम दाम में नहीं बेच रहे किसान

बीते सप्ताह सोमवार, मंगलवार को सरसों की आवक मंडियों में 12-12.25 लाख बोरी की थी जो शनिवार को घटकर लगभग आठ लाख बोरी रह गई। अब किसान एमएसपी से कम दाम पर बेचने को कतई राजी नहीं दिखते। इस बार सरसों का उत्पादन कम है और स्टॉक खाली हो गया है।

## भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं

# घरों की मांग मजबूत, मुद्रास्फीति की दर से अधिक बढ़ेंगी कीमतें : क्रेडाई

■ रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा है कि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है और बजट में कर प्रोत्साहन तथा हाल ही में रेपो दर में कटौती से इसमें और वृद्धि की उम्मीद है। क्रेडाई निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स का एक शीर्ष निकाय है। ईरानी ने एक बातचीत में कहा कि भारतीय आवास बाजार में मांग में कमी के कोई संकेत नहीं हैं, बल्कि यह दीर्घावधि में बढ़ती रहेगी।

हालांकि, उन्होंने कहा कि कुछ बाजारों में इसका असर हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर अखिल भारतीय स्तर पर वृद्धि को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने नासिक में हुई बातचीत में कहा कि रियल एस्टेट चक्र में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव ऐसी चीज नहीं है जिसके बारे में हमें चिंता करने की जरूरत है। हमें दीर्घकालिक वृद्धि को देखने की जरूरत है। क्रेडाई ने नासिक में हाल में दो दिन के सम्मेलन का आयोजन किया था।





### घरों की मांग में सुधार होगा

यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले तीन कैलेंडर वर्ष का उत्साह अब कम हो गया है, ईरानी ने कहा, 'मुझे ऐसा नहीं लगता।' उन्होंने इसके लिए फरवरी माह के मुंबई बाजार के संपत्ति पंजीकरण आंकड़ों का हवाला दिया। मुंबई क्षेत्र में संपत्तियों का पंजीकरण फरवरी में 12,000 इकाई पर स्थिर रहा है। ईरानी ने कहा कि बजट में पेश किए गए कर प्रोत्साहन और हाल ही में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से घरों की मांग में सुधार होगा। उन्होंने कहा, 'हाल के दिनों में मैंने जो सबसे साहसिक कदम देखा है, वह वर्तमान बजट है, जिसमें सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा।

### 1,000 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने का फैसला

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि हम हरित रियल एस्टेट और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर बहुत जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रेडाई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पटेल ने बताया कि क्रेडाई ने एसोसिएशन के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देशभर में 1,000 सरकारी स्कूलों को 'अपग्रेड' (उन्नत) करने का फैसला किया है। क्रेडाई एक गैर सरकारी संगठन के साथ साझेदारी में इन 1,000 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करेगा और छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण पानी और आधुनिक शौचालयों की आपूर्ति का भी प्रावधान करेगा।

### सरकार दे रही बुनियादी ढांचे पर ध्यान

क्रेडाई के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे पर बहुत ध्यान दे रही है और इससे आवास, कार्यालय, मॉल और भंडार गृह सहित रियल एस्टेट के सभी क्षेत्रों के लिए नए व्यावसायिक अवसर पैदा हो रहे हैं। इस साल आवास मूल्य परिदृश्य पर ईरानी ने कहा, 'मैं कहता रहा हूं कि मूल्यवृद्धि डेवलपर के हित में बिल्कुल नहीं है। हम केवल मुद्रास्फीति से संबंधित लागत वृद्धि से बहुत खुश हैं।निश्चित रूप से कीमतों में मुद्रास्फीति से अधिक वृद्धि होगी, क्योंकि मुझे लगता है कि आपूर्ति कम हो गई है। परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन से रियल एस्टेट डेवलपर्स के पास बेहतर लाभ मार्जिन होगा।

# एफपीआई ने बेचे 30,000 करोड़ के भारतीय शेयर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




■ फरवरी में उन्होंने शेयरों से 34,574 करोड़ रुपए और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपए निकाले थे

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारतीय शेयर बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। वैश्विक व्यापार को लेकर तनाव बढ़ने के बीच एफपीआई ने मार्च के पहले पखवाड़े में स्थानीय शेयर बाजारों से 30,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों से 34,574 करोड़ रुपए और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपए निकाले थे।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.42 लाख करोड़ रुपए (16.5 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाल चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (13 मार्च तक) भारतीय शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 30,015 करोड़ रुपए निकाले हैं। यह उनकी शुद्ध निकासी का लगातार 14वां सप्ताह है।

### ट्रंप की नीति से अनिश्चितता

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, 'राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुवाई में अमेरिका की व्यापार नीतियों को लेकर जो अनिश्चितता चल रही है, उससे वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है। ऐसे में एफपीआई भारत जैसे उभरते बाजारों को लेकर सतर्कता का रुख अपना रहे हैं।'

## टीवीएस, पेट्रोनास ने साझेदारी मजबूत की...




**चेन्नई।** वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंटरनेशनल के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत किया है। टीवीएस मोटर के साथ गठबंधन के तहत पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंटरनेशनल अगले तीन वर्षों के लिए टीवीएस रेसिंग का शीर्षक प्रायोजक बना रहेगा। टीवीएस रेसिंग एक फैक्टरी रेसिंग टीम, जिसे आधिकारिक तौर पर प्रतिस्पर्धाओं में वाहन विनिर्माताओं द्वारा प्रायोजित किया जाता है। पेट्रोनास लुब्रिकेंट्स इंडिया 2022-23 सत्र के दौरान टीवीएस रेसिंग का शीर्षक प्रायोजक रहा है। इस साझेदारी में भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैम्पियनशिप, भारतीय राष्ट्रीय रैली चैम्पियनशिप और भारतीय राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रेसिंग चैम्पियनशिप में रेसिंग टीम का समर्थन करना शामिल है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुनिया का सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर



**चेन्नई।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग विश्व स्तर पर और भारत में सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र बनने की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तमिलनाडु का 'इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर' वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में देश के अग्रणी के रूप में उभर रहा है। कृष्णन ने यह बात अनुबंध निर्माण कंपनी जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर कही। संयंत्र का उद्घाटन केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। श्रीपेरंबदूर में आयोजित इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा, जेटवर्क के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक अमृत आचार्य और इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस के अध्यक्ष जोश फॉल्गर ने भाग लिया। कृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में सालाना 500 अरब डॉलर का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

# फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक रुझान, शुल्क से संबंधित घटनाक्रम और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी।

■ कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक आंकड़ों की घोषणा के बीच फरवरी के लिए थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को आएंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक व्यापार को लेकर लगातार अनिश्चितताएं और अमेरिका में मंदी की आशंका स्थानीय बाजार की रफ्तार को प्रभावित कर रही है। यह रुख जारी रहेगा। हालांकि, हालिया 'करेक्शन' के बाद मूल्यांकन में कमी, साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर सूचकांक में नरमी और आने वाली तिमाहियों में घरेलू कंपनियों की आमदनी में उछाल की उम्मीद जैसे कारक बाजार के उतार-चढ़ाव पर कुछ अंकुश लगा सकते हैं। हालांकि, मौजूदा व्यापार को लेकर अनिश्चितताएं बरकरार हैं।'

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह, हमारा अनुमान है कि कि बाजार कुछ उतार-चढ़ाव के साथ सीमित दायरे में रहेगा। बाजार की दिशा वैश्विक रुख और अमेरिकी शुल्क नीतियों से तय होगी।'

### पिछले सप्ताह रहा गिरावट का दौर

पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के दौरान बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 503.67 अंक या 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 155.21 अंक या 0.68 प्रतिशत के नुकसान में रहा। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "निवेशक डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क लगाए जाने की आशंका और इसके कुल प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में कुछ और समय तक नकारात्मक रुख बने रहने की संभावना हैं।"

**आम सूचना**

मकान क्रमांक-02, विठ्ठल नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम नयापुरा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध में

सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि 01-श्री राकेश मित्तल पुत्र स्व. श्री सुरेश चन्द मित्तल एवं 02-श्रीमती किरण मित्तल पत्नी श्री राकेश मित्तल, निवासीगण-02, विठ्ठल नगर, लालघाटी, भोपाल, मध्य प्रदेश, राष्ट्रीयता-भारतीय के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता मकान क्रमांक 02 जो कि विठ्ठल नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम नयापुरा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल नगर निगम सीमाओं के अंदर वार्ड क्रमांक-06 में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल (प्लाट साईज) 7.7x12=92.40 वर्गमीटर अर्थात् 995 वर्गफिट हैं, उक्त मकान को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया गया हैं, उक्त संपत्ति पर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, समिति, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय / अशासकीय विभाग का हित व अधिकार, गिरवी या बंधक होतो वह इस प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे उल्लेखित पते पर अपनी आपत्ति दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ स्वंय या अपने अभिभाषक के साथ प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, इति।

भवदीय सुनील कुमार जैन अधिवक्ता
कार्यालय- "आर. के. जैन लॉ चेम्बर" 67, आदर्श हास्पटिल के पास, थाना रोड, शाहजहानाबाद, भोपाल-462001 (म.प्र.)
मो.नं. 9827016994

**आम सूचना**

भूमि/फार्म लेण्ड क्रं.-06 का उत्तरी भाग, खसरा क्रं.-13/4/1, ग्राम सेवनिया गौड़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल का मूल दस्तावेज विक्रय पत्र गुम हो जाने के संबंध में-

मैं अपनी पक्षकारा नरिन्दर कौर गिल पत्नी श्री धनवंत सिंह गिल, निवासी-डुप्लेक्स क्रं.-01, नीलकंठ कॉलोनी, ईदगाह हिल्स, भोपाल, मध्य प्रदेश, राष्ट्रीयता-भारतीय के निर्देशनासुार सर्व साधारण को यह सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकारा के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता भूमि जिसे फार्म लेण्ड क्रं.-06 का उत्तरी भाग नाम दिया गया हैं, जो कि भूमि खसरा क्रं.-13/4/1 का अंश भाग होकर ग्राम सेवनिया गौड़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित हैं, जिसका कुल क्षेत्रफल 408.92 वर्गमीटर अर्थात् 4400 वर्गफिट हैं, जिसे मेरी पक्षकारा नें (1) श्री अंचित गोयल पुत्र श्री अशोक गोयल एवं (02) श्री विनोद शर्मा पुत्र श्री एस.डी. शर्मा द्वारा मुख्तारआम श्री अजय नारंग पुत्र स्व. श्री अशोक नारंग से क्रय किया था, जिसके दस्तावेज विक्रय पत्र का विधिवत पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में दिनांक-13/11/2007, पुस्तक क्रं.-1-अ, ग्रन्थ-27206 के 08 पृष्ठ 98/105, दस्तावेज क्रं. -1144(1) के तहत दर्ज हैं मेरी पक्षकारा से उक्त मूल दस्तावेज विक्रय पत्र कही गुम हो गया हैं, जिसके संबंध में मेरी पक्षकारा द्वारा थाना शाहजहानाबाद में खोया संपत्ति का पंजीकरण दिनांक-13/03/2025 को कराया जा चुका हैं, मेरी पक्षकारा नें उक्त दस्तावेज का किसी भी प्रकार से कोई दुरूपयोग नहीं किया हैं तथा उक्त संपत्ति को विक्रय, दान, बंधक, गिरवी आदि किसी भी प्रकार से ग्रस्त नहीं किया गया हैं, यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेज का दुरूपयोग किया जाता है अथवा किसी प्रकार का कोई विधि विरुद्ध कार्य किया जाता हैं तो दाण्डिक कार्यवाही की जावेगी, यदि किसी व्यक्ति को मेरे पक्षकारा के उक्त मूल दस्तावेज प्राप्त हो तो कृप्या सूचना देवें, इसके अतिरिक्त जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या वारिसी आदि को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे नीचे उल्लेखित पते पर लिखत रूप में दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय सुनील कुमार जैन अधिवक्ता
कार्यालय- "आर. के. जैन लॉ चेम्बर" 67, आदर्श हास्पटिल के पास, थाना रोड, शाहजहानाबाद, भोपाल-462001 (म.प्र.)
मो.नं. 9827016994

**सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी अभयारण्य औबेदुल्लागंज (जिला-रायसेन म.प्र.) पिन कोड-464993**

क्रमांक/815 // सूचना विज्ञप्ति // औ.गंज, दिनांक 10/03/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज के अंतर्गत परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत मुखबिर की सूचना के अनुसार गश्ती के दौरान जमुनिया के पास कावड़ से दिनांक 15.02.25 को समय 3.54 AM पर 2 मोटर साइकिल से अवैध परिवहन करते हुए सागौन चरपट 7 नग 0.619 घ.मी. जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया विचाराधीन है :-

| क्रं. | वाहन क्रमांक/वाहन का विवरण | पी.ओ.आर. न./ दि. | वाहन मालिक /आरोपी का नाम | वाहन का क्रमांक / वाहन मालिका का नाम | वन अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर ब्लैक रंग वाहन क्रमांक, इंजिन नं. एवं चैचिस नं. मिटा हुआ। 2. मोटर साइकिल हीरो एच.एफ. डीलक्स ब्लैक रंग वाहन क्रमांक, इंजिन नं., एवं चेचिस नं. मिटा हुआ। सागौन चरपट 07 नग 0.619 घ.मी. के साथ जप्त | 45440/19 दिनांक 15.02.25 | अज्ञात | अज्ञात | परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत मुखबिर की सूचना के अनुसार गश्ती के दौरान जमुनिया के पास कावड से सागौन चरपट 7 नग 0.619 घ.मी. अवैध परिवहन में जप्त | परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत मुखबिर की सूचना के अनुसार गश्ती के दौरान जमुनिया के पास कावड के अवैध परिवहन | देलावाडी |

यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज में प्रातः 11.00 उपस्थित होकर अपना वाहन संबंधी दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सूचना पत्र आज दिनांक 10.03.25 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

(एस. के भारद्वाज) उप.व.स.
सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक
रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज

G-24356/24 " स्वच्छता ही सेवा "

**रुपीक फिनटेक प्रा. लिमिटेड और रुपीक कैपिटल प्रा. लिमिटेड**

45/बी, शुभम कांप्लेक्स, पहला ए मेन, जे पी नगर तीसरा फेज,, बेंगलुरु - 560 078

**सोने की नीलामी की सूचना**

उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणों के संबंध में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण की जाएगी।नीलामी **24/03/2025** को एक ऑनलाइन पोर्टल **https://gold.samil.in** के माध्यम से आयोजित करने का प्रस्ताव है। यदि किसी भी कारण से ऊपर उल्लिखित तिथि पर ई-नीलामी नहीं हो पाती है, तो गिरवी रखे गए आभूषणों की किसी भी या सभी वस्तुओं के संबंध में, रुपीक किसी भी आगामी तारीख/दिनों को बिना किसी सूचना के वस्तुओं की ई-नीलामी/निजी बिक्री आयोजित करेगा

**उधारकर्ताओं की सूची**

| Name | Phone Number |
|---|---|
| AFJAL KHAN | ******8783 |
| RAJU LODHI | ******1812 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - **1800 419 8000**

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी रुपीक फिनटेक प्रा. लिमिटेड
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी रुपीक कैपिटल प्रा. लिमिटेड

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज, जिला - भोपाल**

क्र./था.प्र./हनु.गंज/भो./गुम इंसान क्र./51/24 भोपाल, 10/03/2025

// सूचना //



उपरोक्त विषयांर्तगत लेख है दिनांक 01/08/2024 सूचक फूल बी पति अब्दुल गफूर खां उम्र 45 वर्ष निवासी-म.न.19 गली न.-02 दुलीचन्द का बाग, कारगिल छोला रोड मो.न.-76978027882 ने हाजिर थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि परसो दिनांक 30.07.2024 को में, मेरे पति, दोनो बेटे व मेरी दोनो बेटिया हम सभी लोग खाना खा पीकर रात्रि के करीबन 12.00 बजे रात्रि को सो गए थे। सुबह के करीब 05.00 बजे मैं उठी तो मैने देखा कि जिस कमरे मे हम लोग सो रहे थे उस कमरे मे किसी ने बाहर से ताला डाल दिया है। और हमारे घर के मुख्य दरवाजे का कुंदी लगी थी। तो मैने हमारे मोहल्ले मे पेपर डालने वाले लड्के को चिल्लाकर बुलाया और उसी से अपने घर का दरवाजा खुलवाया था जब बाहर निकल कर देखा तो मेरी छोटी बेटी फिजा घर में नही थी। मेरी छोटी बेटी फिजा बी जिसकी उम्र 22 वर्ष के करीब है। फिजा की जन्म तिथी (20.11.2002) है। फिजा की शादी हो चुकी है अब वह तलाकशुदा है। मेरी बेटी फिजा सफेद रंग की फ्रोक पहने हुए है। जो कि सफेद रंग की है जिस पर लाल रंग के फूल कडे हुए है। फिजा के दोनो पैरो के नीचे की तरफ खुजली के निसान है की सूचना पर गुम इंसान क्र.51/24 का कायम कर जांच में लिया गया।

अतः गुम शुदा के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो कृपया थाना हनुमानगंज भोपाल (म.प्र.) के संपर्क नंबर 0755-2677323 अथवा 7587601742 एवं जाँच अधिकारी के मोबाईल नंबर 6260158926 पर सूचना देने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
जिला हनुमानगंज भोपाल

G-24339/24 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# आतंकवाद की वैश्विक राजधानी पाकिस्तान

आज पाकिस्तान अपना बोया ही काट रहा है। आतंकवाद और बगावत की आग में झुलस रहा है। पाकिस्तान की नीति आतंकवाद को पालने-पोसने व अच्छे व बुरे आतंकवाद में फर्क रखने की रही है, नतीजा आज सामने है। एक तरफ जहां आतंकी गुट पाक फौज के लिए चुनौती बने हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान से अलग स्वायत्त क्षेत्र के लिए लड़ाई लड़ रहे विद्रोही गुट पाक सेना को आर-पार की चुनौती दे रहे हैं। एक सप्ताह में दूसरी बार है जब बलूच लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) ने पाक फौज को निशाना बनाकर हमला किया है। बीएलए ने पहले ट्रेन को हाइजैक किया, उसके बाद अब आत्मघाती हमले से पाक सुरक्षा बलों पर हमला किया है। बीएलए पाक संघीय सरकार से आजादी की मांग कर रही है। इस वक्त पाकिस्तान में कई अलगाववादी गुट सक्रिय हैं, जिन्हें काबू करना पाकिस्तान सरकार व फौज के लिए भारी पड़ रहा है। जहां पाकिस्तान की आर्थिक हालत खस्ता है, वहीं देश के अंदर अनेक आतंकवादी, कट्टर इस्लामिक व अलगाववादी शक्तियां फन उठा रही हैं। पाक सरकार व पाक एस्टाब्लिशमेंट–फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की फंक्शनिंग में भारी अंतर व समन्वय की कमी के चलते अलगावादी शक्तियों को अवसर मिल रहा है। बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, मुल्तान, पीओके व सिंध क्षेत्र में पाक एस्टाब्लिशमेंट के प्रति असंतोष है। आज पाकिस्तान जिस भी स्थिति में है, इसके लिए वह आतंकवाद पर अपनी नीति के कारण है। ऐसा लग रहा है मानो अब पाकिस्तान के लिए राष्ट्र के रूप में एक रह पाना मुश्किल है, बांग्लादेश की तारीख को बलूचिस्तान दोहरा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लैक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक बार फिर से पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को आश्रय देने के नीतिगत पहलुओं को उजागर किया है। भारत ने हमेशा पाकिस्तान से शांति की राह पर चलने और आतंकवाद छोड़ने की अपील करता रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने अपने आवाम की खुशी के खातिर भी कभी शांति की राह पर चलने का प्रयास नहीं किया है। आज दुनिया में कहीं पर भी आतंकवाद की घटना घटती है तो कहीं न कहीं पाकिस्तान कनेक्शन सामने आता है। अमेरिका में 9/11 की बड़ी घटना हुई। इसका मुख्य सूत्रधार ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था। अब दुनिया पहचान गई है कि पाकिस्तान दुनियाभर के लिए परेशानी का केंद्र बन चुका है। वह अपने पड़ोसी भारत व अफगानिस्तान के साथ हमेशा सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता है। भारत ने पाक के आतंकवाद का डटकर मुकाबला किया है, पाक को चार बार भारत से जंग में करारी हार का सामना करना पड़ा है, इसके बाद भी सुधर नहीं रहा है। पाकिस्तान भारत से अलग ही इसलिए हुआ कि वह मुस्लिमों के लिए एक अलग राष्ट्र बनाएगा, लेकिन पाकिस्मानी हुकूमत ने शांति व विकास के बजाय पड़ोसियों से संघर्ष व प्रॉक्सी जंग का रास्ता चुना, खामियाजा समूची पाकिस्तानी जनता भुगत रही है। वह आतंकवाद की वैश्विक राजधानी बन कर रह गया है। अनेक घोषित ग्लोबल आतंकवादी इस वक्त भी पाकिस्तान में हैं। भारत का रुख साफ है, पहले पाकिस्तान आतंकवाद बंद करे, फिर नई दिल्ली इस्लामाबाद के साथ वार्ता करेगी। पाकिस्तान को अपने यहां से भारत विरोधी आतंकवाद को खत्म करना ही होगा। अभी संयुक्त राष्ट्र में भी पाक ने कश्मीर राग अलापा है, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। भारत पाक प्रायोजित आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

## स्लिमनेस

सोनम लववंशी



# युवाओं में मोटा समझने की मानसिकता निरर्थक

एक 18 वर्षीय लड़की की मौत... वजह? उसने खाना छोड़ दिया था। सुनने में यह जितना अविश्वसनीय लगता है, हकीकत उससे कहीं ज्यादा भयावह है। केरल की श्रीनंदा, जो कभी खिलखिलाती जिंदगी जी रही थी, धीरे-धीरे खुद को खत्म करने लगी, मात्र इसलिए क्योंकि वह पतली दिखना चाहती थी। एनोरेक्सिया नर्वोसा, एक ऐसी बीमारी जिसमें व्यक्ति जरूरत से ज्यादा पतला होने की कोशिश में खुद को भूखा रखने लगता है, उसका जीवन लील गई। उसका वजन घटकर केवल 24 किलो रह गया था। क्या यह महज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, या फिर एक बड़ी सामाजिक समस्या की भयावह तस्वीर? आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब ने 'परफेक्ट बॉडी' के नाम पर युवाओं के दिमाग में एक ऐसा डर भर दिया है, जो धीरे-धीरे उन्हें भीतर से खत्म कर रहा है। हर जगह एक ही संदेश- 'पतले रहो, सुंदर दिखो, नहीं तो तुम स्वीकार किए जाने के योग्य नहीं हो!' यह कैसा समाज बना रहे हैं हम, जहां खूबसूरती के पैमाने इंसान की सेहत और जिंदगी से बड़े हो चुके हैं? श्रीनंदा की मौत अकेली नहीं है। हजारों किशोर और युवा इस मानसिकता की गिरफ्त में आ चुके हैं। शोध बताते हैं कि एनोरेक्सिया नर्वोसा से जूझने वालों में से 5 से 10 प्रतिशत की जान चली जाती है। यह कोई फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि एक गंभीर मानसिक बीमारी है, लेकिन इसे लेकर जागरुकता इतनी कम है कि जब तक स्थिति बिगड़ नहीं जाती, तब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता। क्या हम अपनी आने वाली पीढ़ी को इसी तरह खोते रहेंगे? दरअसल, सोशल मीडिया, फिल्में, फैशन इंडस्ट्री, सब मिलकर एक आदर्श शरीर की परिभाषा बना रहे हैं, जिसमें 'स्लिमनेस' ही खूबसूरती और सफलता की पहचान है। लड़कियां खुद को बॉलीवुड की अभिनेत्रियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से तुलना करने लगती हैं, जो हमेशा पतली, टोंड बॉडी में नजर आती हैं। उन्हें यह नहीं बताया जाता कि इन तस्वीरों के पीछे कड़ी मेहनत ही नहीं, बल्कि एडिटिंग, फिल्टर्स और कभी-कभी खतरनाक डायटिंग भी होती है। जब एक किशोरी दर्पण में खुद को देखती है और उन 'आदर्श' छवियों से तुलना करती है, तो वह खुद को कमतर महसूस करने लगती है। फिर शुरू होता है खाना छोड़ने, अत्यधिक व्यायाम करने और खुद को तकलीफ देने का खतरनाक सिलसिला। क्या इसके लिए केवल सोशल मीडिया ही जिम्मेदार है? नहीं। समाज में बचपन से ही बच्चों को शरीर को लेकर ताने सुनने पड़ते हैं, इतने मोटे मत बनो, पतले रहोगे तो अच्छे लगोगे। खासकर लड़कियों पर यह दबाव ज्यादा रहता है। परिवार, स्कूल, रिश्तेदार, हर कोई जाने-अनजाने ऐसी टिप्पणियां कर देता है, जो किसी के आत्मविश्वास को जड़ से हिला देती हैं। क्या किसी की सुंदरता को सिर्फ उसके वजन से मापा जाना चाहिए? डॉक्टरों के अनुसार, एनोरेक्सिया सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि मानसिक बीमारी भी है। इसके शिकार लोग जरूरत से ज्यादा परफेक्शनिस्ट होते हैं, वे खुद को भूखा रखते हैं, शरीर में ऊर्जा की कमी होती है, अंग काम करना बंद कर देते हैं, और धीरे-धीरे वे मौत के करीब पहुंच जाते हैं। समस्या की जड़ तक जाना जरूरी है। सबसे पहले, हमें अपनी सोच बदलनी होगी। बॉडी पॉजिटिविटी को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे हर व्यक्ति अपने शरीर को अपनाए, उसे प्यार करे, और अवास्तविक सौंदर्य मानकों के पीछे भागने के बजाय अपनी सेहत को प्राथमिकता दे। अभिभावकों की भी भूमिका अहम है। जब आपका बच्चा बार-बार अपना वजन तोलता है, खाने से बचता है, या अपने शरीर को लेकर असंतुष्ट दिखता है, तो यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि खतरे की घंटी हो सकती है। ऐसे में तुरंत उससे बात करें, उसे समझाएं कि असली खूबसूरती क्या होती है, और जरूरत पड़े तो मनोवैज्ञानिक मदद लेने से भी न हिचकिचाएं। मीडिया और विज्ञापन उद्योग को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वे चाहें तो सौंदर्य के असली मायने बदल सकते हैं। फैशन इंडस्ट्री को भी समझना होगा कि हर शरीर खूबसूरत होता है और केवल पतलेपन को बढ़ावा देना खतरनाक हो सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अनरियलिस्टिक बॉडी इमेज को प्रमोट करने वाले कंटेंट पर सख्ती की जानी चाहिए। स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ानी चाहिए ताकि बच्चे अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहें। अब समय आ गया है कि हम अपने बच्चों, अपने समाज और खुद को यह समझाएं कि असली खूबसूरती सिर्फ पतलेपन में नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और खुशहाल मन में होती है? फैसला हमें करना है, कहीं बहुत देर न हो जाए।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

विकेश कुमार बडोला

# अवैध प्रवासन बिल का विरोध गलत

यह विधेयक सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है।

अंततः भारतीय शासन ने भी वर्तमान अमेरिकी शासन से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रेरणा प्राप्त कर संसद के वर्तमान सत्र में 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' प्रस्तुत कर दिया है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह किसी के भारत आगमन को रोकने नहीं बल्कि यहां के नियमों के अंतर्गत यहां आने के अभ्यास को क्रियान्वित करने के लिए लाया गया है। मूलतः इस विधि-व्यवस्था द्वारा शासन यह सुनिश्चित करेगा कि भारत में अवैध प्रलेखों-प्रपत्रों के माध्यम से प्रवेश करने वाले व्यक्तियों का प्रवास समाप्त किया जाए और उन्हें वापस वहीं भेजा जाए जहां से वे आये हैं।

यह विधेयक पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, इत्यादि सीमावर्ती देशों से भारत में अवैध ढंग से होने वाली घुसपैठ व अवैधानिक आप्रवास पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से लाया गया है। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि अवैध आप्रवासन संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्तियों को सात वर्ष तक का कारावास तथा दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। भारत के हितों वाला कोई भी विधेयक संसद के पटल पर रखे जाते ही विपक्षी दलों व इनके नेताओं का अनावश्यक विरोध भी आरंभ हो जाता है। आप्रवासन संबंधी विधेयक पर भी ऐसा ही हुआ। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत अधिसंख्य विपक्षी सांसदों ने विरोधस्वरूप वक्तव्य दिया कि यह विधेयक शीघ्रता में लाया गया है, इस पर भलीभांति विचार-विमर्श नहीं हुआ और पारित करने से पूर्व इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास अनुमोदन हेतु भेजा जाना चाहिए था। इस संदर्भ में विपक्षियों से प्रश्न है कि भारत हितैषी विधेयकों के पारित होने के बाद ही उनका विरोध मुखरित क्यों होता है। ऐसे विधान की प्रस्तावना से लेकर प्रक्रिया में निश्चित ही लंबा समय व्यतीत हुआ होगा। इस समयावधि में भी विपक्षी नेता अपनी आपत्तियां प्रकट कर सकते थे। विधान को कार्यकारी स्वरूप प्रदान करने वाले संबंधित मंत्रालय, मंत्री और कार्यकारी तंत्र के साथ समन्वय करके इसकी कमियों और निष्प्रभावी बिंदुओं की ओर ध्यानाकृष्ट करवा सकते थे। किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि अवैध आबादी उनका बड़ा वोट है और इसीलिए उनका विरोध भारत के हित में संबंधित विधान के गुण-दोषों पर यथोचित चर्चा करने की तुलना में इस कारण देश में होनेवाली अवैध आबादी की गोलबंदी से अपने राजनीतिक हितों के चोटिल होने के प्रतिकार में ही हो रहा है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने अपनी-अपनी राजनीति का चाल-चरित्र मुस्लिम तुष्टिकरण तक सीमित कर दिया है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश और म्यामांर से घुसपैठ कर आए हुए कठमुल्लों की आबादी करोड़ों में पहुंच चुकी है। बंगाल में कठमुल्लों की अवैध घुसपैठ और आप्रवासन होते-होते एक-डेढ़ दशक से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। इस समयावधि में राजनीतिक स्वार्थ साधने के मकसद से ऐसी आबादी केवल बंगाल तक ही सीमित नहीं रही। राजधानी दिल्ली सहित भारत के अनेक प्रांतों में भी अवैध बांग्लादेशियों और म्यांमारियों की बड़ी आबादी झुग्गी-बस्ती डालकर रह रही है। ऐसी जनसंख्या को वोट बैंक बनाने के लालच में अधिसंख्य भारतीय राजनीतिक दलों ने अपने मूलभूत राजनीतिक सिद्धांतों को खूंटी पर टांग दिया है। दुनिया में




ऐसी अवैध जनसंख्या के बलबूते अपनी-अपनी राजनीतिक स्थापनायें कर चुके व करते रहे अधिसंख्य देशों के शासन ने अपने संरक्षण में चलाये जा रहे एनजीओ के माध्यम से इस जनसंख्या का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, न्यायिक और जनसंचारिक संरक्षण किया है। भारत भी इस प्रसंग पर कांग्रेस के शासन में अमेरिका और यूरोपीय देशों की भांति अवैध आबादी को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का दंश सह चुका है और जिस-जिस प्रदेश में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और हिंदुओं के वोटों की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दल विधायिकाओं में बहुमत के साथ उपस्थित हैं, आज वे संसद की राज्यसभा में अवैध घुसपैठ व आप्रवान के संदर्भ में पारित विधेयक का विरोध कर रहे हैं।

हालांकि विधेयक की संपूर्ण विषय-सामग्री को इसका पूर्ण अध्ययन करने पर ही जाना जा सकता है, किंतु लेखक केंद्रीय शासन से यह अवश्य पूछना चाहेगा कि जब विधेयक अवैध घुसपैठ, आप्रवासन और नागरिकता के संबंध में है तो फिर दोषियों को सात वर्ष का कारावास और दस लाख रुपये का अर्थदंड भुगतने का दंड पर्याप्त नहीं है। यदि विपक्ष इस बिंदु पर अपना विरोध प्रकट करता तो देश के मूल नागरिक उनके विरोधी स्वर का अनुसमर्थन करते। यदि किसी या किन्हीं व्यक्तियों को घुसपैठ, अवैध आप्रवासन या अवैध नागरिकता के आरोप के बाद पकड़ा जाता है तो दंड यह होना चाहिए कि उनके पास उपलब्ध उनकी समस्त चल-अचल संपत्तियों को शासन अपने पास रखे और उन्हें तत्काल ही देश से बाहर करे। इस संदर्भ में शासन के स्तर पर एक त्वरित कार्यबल या प्रकोष्ठ गठित हो, जो दोषी घुसपैठियों, आप्रवासियों, नागरिकों को पंद्रह दिनों या एक महीने में वापस वहीं उसी देश भेजने का प्रबंध करे, जहां से वे आये थे। करोड़ों की संख्या में अवैध पाये जाने वाले बांग्लादेशियों, म्यांमारियों या किसी अन्य पड़ोसी देश के घुसपैठियों को कारावास में रखना तो भारतीय हितों पर कुठाराघात ही होगा। यदि ऐसे व्यक्तियों के पास कोई चल-अचल संपत्ति नहीं मिलती और इन्हें शासकीय व्यय पर कारावास में पाला-पोषा जाता है, तो इससे अवैध आप्रवासन विधेयक की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी। पंगु भारतीय न्याय व्यवस्था के अंतर्गत अवैध आप्रवासियों को कारावास देना अंततः भारतीय मूल नागरिकों द्वारा कर के रूप में शासन को दी जाने वाली धनराशि का अपव्यय ही सिद्ध होगा। यदि संबंधित विधेयक के पारित होने के बाद ऐसी समस्यायें उठ खड़ी होने की शंकाएं हैं तो स्वयं केंद्रीय शासन को विधेयक पर पुनर्विचार करके इस पर समयोचित संशोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। यह विधेयक भारतीय गणतंत्र, शासन, मूल नागरिकों के अधिकारों का संरक्षण करता हुआ तब ही प्रतीत होगा, जब इसके माध्यम से करोड़ों अवैध आप्रवासी बांग्लादेशियों, म्यांमारियों और अन्य देशों के वासियों को भारत से निकालकर वापस उनके देश में भेजा जाना सुनिश्चित हो। क्या इसके लिए केंद्रीय शासन तत्पर है? आप्रवासन की अवैध कुव्यवस्थाओं का चक्रव्यूह तोड़ पाने में वर्तमान केंद्रीय शासन कितना सफल होता है, यह तो आगामी दिनों में धरातल पर दिख ही जाएगा। इस ध्येय की सफलता हेतु शासन के सम्मुख प्रमुख चुनौती उन देशों को अपने नागरिकों को वापस लेने के लिए मनाने की होगी, जहां के करोड़ों व्यक्ति अवैध ढंग से भारत में रह रहे हैं। क्या केंद्रीय शासन रणनीतिक कुशलता के साथ यह राजनीतिक कर्म कर पाएगा? इस संदर्भ में बड़ी व व्यापक शंका ये है कि जब अपने ही देश के विपक्षी राजनीतिक दल व इनके नेता, अवैध आप्रवासन को रोकने हेतु पारित विधेयक की नीतियों का विरोध कर रहे हों तो फिर इन पर अवैध आप्रवासियों के मूल देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी। क्या इस हेतु शासन की कोई पूर्वयोजना निर्धारित है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# सभी प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित

दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं ?



संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## सटाका




## आज की पाती

### होली में सामाजिक गुस्सा और विभाजन

अब होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्योहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्योहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठे होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। अब वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। पहले की तरह का सद्भाव खत्म हो रहा है। *– मनोज जोशी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### डिजिटल नवाचार



यह एक सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में नवाचार और दक्षता पर जोर देती है। डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बना रहा है, जिससे अनगिनत लोगों का जीवन सशक्त हो रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जनता के बहुमूल्य सुझाव



दिल्ली बजट 2025-26 के तहत हमारी सरकार लगातार जनता के बहुमूल्य सुझाव ले रही है। मैं भरोसा दिलाती हूं कि डबल इंजन सरकार हर समस्या का समाधान करेगी। हम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सुख-समृद्धि की प्रार्थना



10 दिन की विपश्यना साधना के बाद परिवार सहित अमृतसर पहुंचा। श्री दरबार साहिब में माथा टेका और गुरु महाराज जी के चरणों में सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### सॉफ्ट पावर का उदय




यह एक सच्ची सॉफ्ट पावर का उदय है और भारत एक प्रभावशाली अर्थव्यवस्था के रूप में जो दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। भारत ने वेव्स शिखर सम्मेलन से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए 1 बिलियन डॉलर के फंड की घोषणा की

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने 18वीं सदी का कानून लागू किया, जज ने रोका



निर्वासन में तेजी लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 18वीं सदी के एक कानून का इस्तेमाल किए जाने की घोषणा की लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद एक संघीय अदालत के न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को इसे लागू करने से रोक दिया। ट्रंप प्रशासन ने इस कानून का इस्तेमाल करते हुए कहा था कि वेनेजुएला का एक गिरोह अमेरिका पर आक्रमण कर रहा है और प्रशासन के पास उसके सदस्यों को देश से बाहर निकालने के लिए नयी शक्तियां हैं। कोलंबिया जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेम्स ई बोसबर्ग ने कहा कि उन्हें अपना आदेश तत्काल जारी करने की आवश्यकता है क्योंकि सरकार प्रवासियों को पहले से ही एल साल्वाडोर और होंडुरास भेज रही है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि ट्रंप की घोषणा के तहत इन प्रवासियों को नए सिरे से निर्वासित किया जा सकता है और उन्हें एल साल्वाडोर तथा होंडुरास में कैद किया जाएगा। अल साल्वाडोर ने इस सप्ताह 300 ऐसे प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति दे दी जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने गिरोह का सदस्य घोषित किया है। बोसबर्ग ने एसीएलयू और 'डेमोक्रेसी फॉरवर्ड' द्वारा दायर मामले की शनिवार शाम सुनवाई करते हुए कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं अब और इंतजार कर सकता हूं और मुझे कार्रवाई करनी होगी।''

## ऑफ बीट

# रक्तदान से रक्त कैंसर होने का खतरा कम

रक्तदान को जिंदगी बचाने वाला कार्य माना जाता है लेकिन क्या रक्तदान करने से दाता को भी लाभ हो सकता है? लंदन में फ्रांसिस क्रिक



इंस्टिट्यूट के नए शोध के अनुसार, बार-बार रक्तदान करने वाले लोगों में सूक्ष्म आनुवंशिक परिवर्तन हो सकते हैं जिससे रक्त कैंसर होने का जोखिम कम हो सकता है। इसके साथ ही अनेक प्रमाण हैं कि नियमित रक्तदान से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ हैं। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है रक्त बनाने वाली हमारी स्टेम कोशिकाओं में स्वाभाविक रूप से उत्परिवर्तन होते हैं, इस प्रक्रिया को 'क्लोनल हेमेटोपोइसिस' कहते हैं। इनमें से कुछ उत्परिवर्तन ल्यूकेमिया जैसी बीमारियों के जोखिम को बढ़ाते हैं। हालांकि, फ्रांसिस क्रिक इंस्टिट्यूट के नए अध्ययन ने बार-बार रक्तदान करने वालों में एक दिलचस्प अंतर की पहचान की है। अध्ययन में 60-70 वर्ष के स्वस्थ पुरुष दाताओं के दो समूहों की तुलना की गई। एक समूह ने 40 वर्षों तक साल में तीन बार रक्तदान किया था जबकि दूसरे ने कुल मिलाकर केवल पांच बार रक्तदान किया था। दोनों समूहों में आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की संख्या समान थी लेकिन उनकी प्रकृति भिन्न थी।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

विधायक पटवा ने पर्व की जनता को बधाई दी

# होली पर उड़ा गुलाल, रंग-बिरंगे हुए चेहरे, गीतों पर जमकर झूमे लोग

- औबेदुल्लागंज, तामोट में बव्वों युवाओं, बुजुर्गो ने मिलकर होली का त्यौहार मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज और तामोट में बच्चों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों ने रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। मैन बाजार, अर्जुन नगर, महावीर कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी और स्टेशन रोड मैन बाजार, तामोट में मेन बाजार, पटेल मोहल्ला, खिरिया मोहल्ला, राम मंदिर रोड पर लोग गुलाल लगाकर गले मिले और बधाई दी। विधायक सुरेंद्र पटवा एवं श्रीमती मोना पटवा ने रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर पटवा ने कहा कि मेरा भोजपुर परिवार सभी मिलकर आनंद के साथ होली मना रहे हैं। विधायक ने सभी को बधाई दी। पटवा ने कहा कि जनता को शांति, सुख-समृद्धि होली पर्व पर प्राप्त हो।





## व्यापार महासंघ, नपाध्यक्ष, भाजपा और कांग्रेस के पदाधिकारियों ने दी होली की शुभकामनाएं

व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, विवेक मित्तल, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, राजू भाई पटेल, रतन मेघानी, रमेश वासवानी, दिनेश सेन, सुदामा तिवारी, संतोष गुप्ता, विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, रवि, कमल, हरि किशन धमीजा, अनिल धमीजा, श्याम मालवीय, दीपेंद्र नागर, अमित राय, बल्लू अरोड़ा, गिरीश चावला, राहुल महेश्वरी, तामोट में जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामपाल, बाबूलाल, संजीव चौहान, मान सिंह, सुरेश तिवारी, रामकिशोर चौहान, बालमुकुंद, लक्ष्मी प्रजापति बेनी मास्टर, अरुण जैन, प्रीति विश्वकर्मा, सुनीता चौहान, बीलखेड़ी में राधा कुशवाहा, सुजीत चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान ने बधाई दी। नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, आरती यादव, माया राय, सपना रैकवार, रेखा कपूर, सना ममनून, भारती सेठी, हेमलता चौरसिया, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, दीपू परमार, कन्हैया नंदवंशी, डॉ. कैलाश विनय, माधव यादव, जीतू नंदवंशी, गजेंद्र नागर, कांता पटेल, वागीश अग्रवाल, नंदू शर्मा, मनोज चौरसिया, सोनू राय, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुजीत यादव, गुड्डू यादव, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, संजय सिंह चौहान, राजेश खटीक, महेश जैन, विनोद इरपाचे, पंकज नागरानी, उत्तम यादव, मनोज खटीक, डॉ. सुनील गुप्ता, कमलेश लोधी, डॉ. नंदू नागर, सेंकी मदान ने होली खेली और लोगों को शुभकामनाएं दी।





## रंग पंचमी पर हिंदू उत्सव समिति निकालेगी जुलूस



हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक ने बताया कि रंगपंचमी पर हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में जुलूस निकाला जाएगा। शाम को ठंडाई वितरण होगा। हिंदू उत्सव समिति के कमल नरेश मालवीय, विक्रम धाड़ी, सोनू अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुधीर कमल, बंटी जोशी, राजकुमार राजपूत, कमलेश लोधी आदि तैयारी में लगे हैं।

# युवाओं ने एक-दूसरे को जमकर भिगोया, सेल्फी का दौर भी चला, धूमधाम से मनाया रंगों का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

नगर में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नगर में 61 और सतलापुर के 32 स्थानों सहित कुल 184 स्थानों पर होलिका दहन किया गया। मुख्य आयोजन वार्ड 3 स्थित होली मोहल्ले में हुआ। यहां पाल समाज सहित श्री हिन्दू उत्सव समिति ने होलिका दहन कर एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाइयां दी। होली पर बच्चों ने सुबह से ही रंग-गुलाल की मस्ती शुरू कर दी। कई कॉलोनियों में टेंट लगाकर डीजे की धुन पर लोगों ने परिवार सहित जमकर आनंद लिया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। दोनों थाना प्रभारी सुरेश मीना व विजय त्रिपाठी गश्त करते रहे। ग्राम दहोद, पोलहा, नूरगंज, बरखेड़ा में भी होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।



## वार्ड 4 में खांडेराव बाबा के स्थल पर आयोजन

नगर के वार्ड 4 स्थित खाण्डेराव बाबा के स्थल पर आयोजन किया गया। दहोद व पोलहा में भी यह आयोजन किया गया। वार्ड में चौहान परिवार द्वारा वर्षो से आयोजन किया जाता है। परिवार व हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष अजीतसिंह चौहान ने बताया कि नगर के खाण्डेराव बाबा के स्थान पर वर्षों से मेले का आयोजन किया जाता है।



## भाइयों को तिलक लगाकर मांगी उनकी दीघार्यु



नगर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक त्यौहार भाई-दूज का पर्व रविवार को मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी दीघार्य के लिए भगवान से कामना की। वार्ड 4 निवासी रीचा जैन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा पाल व महिला नेत्री अनिता जैन ने बताया कि भाई-दूज का पर्व बहन-भाई के अटूट रिश्ते का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### एमसीयू में कर्मयोगी ब्रेन स्टार्मिंग वर्कशॉप

**भोपाल।** राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में बी ए कर्मयोगी ब्रेन स्टार्मिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश के ऐसे-ऐसे कर्मयोगियों के बारे में बताया कि जिन्होंने अपने हुनर, काबिलियत और साहस के दम पर समाज और देश को एक नई दिशा दी। कुलगुरु तिवारी ने प्रख्यात समाज सुधारक, चिंतक पांडुरंग शास्त्री के जीवन के बारे में बताया।

### भोपाल में सिंधी मैराथान का आयोजन 23 को

**संतनगर।** समाज के हर आयु वर्ग को फिजिकल फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए सिंधी मेला समिति शहीद हेमू कालानी के जन्म दिवस 23 मार्च को सुबह 6 बजे भोपाल में पहली बार सिन्धी मैराथन का आयोजन करेगी। जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पद्मश्री, पद्मभूषण प्राप्त पंकज आडवाणी भाग लेंगे।

गोविंदपुरा स्थित विजय मार्केट बरखेड़ा में वारदात

# निजी स्कूल की टीचर से पर्स झपटकर भागे लुटेरे, एक आरोपी को धरदबोचा

- सब्जी खरीदने मार्केट आए थे मां-बेटे
- दूसरे आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित विजय मार्केट बरखेड़ा में बेटे के साथ सब्जी खरीदने पहुंची निजी स्कूल की टीचर के हाथ से बाइक सवार बदमाशों ने पर्स झपट लिया। पर्स में 220 रुपए की नगदी और मोबाइल था। उनके बेटे ने बाइक सवारों का पीछा किया, लेकिन वह भागने में कामयाब हो गए। हालांकि बेटे ने बाइक का नंबर देख लिया था। पुलिस ने नंबर के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है।

एसआई भारत सिंह मीणा ने बताया कि प्रभा सिंह पति बृजेश सिंह (36) वल्लभ नगर, अवधपुरी में रहती हैं और निजी स्कूल में टीचर है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार शाम वह बेटे के साथ सब्जी खरीदने विजय मार्केट बरखेड़ा गई थीं। मार्केट में सब्जी खरीदते समय बाइक से आए दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से पर्स झपट लिया। वे और उनका बेटा कुछ समझ पाता, इससे पहले ही बदमाश तेजी से बाइक चलाकर भागने लगे। प्रभा के बेटे ने उनका पीछा किया, लेकिन वह भाग निकले। पीछा करते समय प्रभा के बेटे ने आरोपियों की बाइक का नंबर देख लिया था। इसके बाद मां-बेटे थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बाइक के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की और एक आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान रोहित अहिरवार के रूप में की गई है। बाइक उसके दोस्त छोटू की पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड है। रोहित ने बताया कि झपटमारी में उसके साथ छोटू शामिल था। पुलिस छोटू की तलाश कर रही है।

कोहेफिजा स्थित इंद्र विहार कॉलोनी की घटना

## काम करने आई दो महिलाओं ने बुजुर्ग दंपती के घर से चुराए 70 हजार

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित इंद्र विहार कॉलोनी में बुजुर्ग दंपती के घर काम के बहाने आई महिलाओं ने अलमारी से 70 हजार रुपए की नगदी चुरा ली। घटना के समय 80 साल के रिटायर्ड अधिकारी और उनकी पत्नी थी। पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी महिलाओं का सुराग लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।


पुलिस के अनुसार इंद्र विहार कॉलोनी कोहेफिजा निवासी सुभाष चंद्र सूरी (80) रिटायर्ड अधिकारी हैं। वह अपनी पत्नी के साथ अकेले रहते हैं। गत 11 मार्च की दोपहर सुभाष चंद्र सूरी की पत्नी बाहर ठेले पर सब्जी खरीद रही थीं। तभी वहां दो महिलाएं पहुंची और घरेलू काम के बारे में उनसे बातचीत करने लगी। उन्होंने कहा कि हमारे घर काम कर लोगी। दोनों महिलाएं काम करने के लिए तैयार हो गईं। पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे तक दोनों महिलाओं ने काम किया और फिर चली गईं। उनके जाने के बाद सूरी दंपती ने अलमारी खोली तो अंदर रखे 70 हजार रुपए नहीं थे। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सुभाष चंद्र सूरी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

क्षेत्र में मादा और युवा बाघ का मूवमेंट

# भोजपुर की गोशाला में बाघ ने किया बछड़े पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

भोजपुर अतिशय क्षेत्र की श्री विद्यासागर गोशाला में शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे बाघ ने बछड़े को अपना निशाना बनाया। बाघ बछड़े को जबड़े में दबाकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। गोशाला के अध्यक्ष विमल कुमार जैन ने बताया कि बाघ ने गोशाला में घुसकर बछड़े को पकड़ लिया। बछड़े के भारी होने के कारण बाघ बाउंड्री नहीं फांद सका। वह बछड़े को घसीटते हुए गेट तक ले गया। इस दौरान गायों की भगदड़ से गोशाला के सेवक जाग गए। उनके शोर मचाने पर बाघ बछड़े को छोड़कर भाग गया।



### दो दिन तक क्षेत्र में अलर्ट

औबेदुल्लागंज वन मंडल अधिकारी हेमंत रैकवार ने बताया कि पिछले 8 दिनों से क्षेत्र में एक मादा और एक युवा बाघ का मूवमेंट देखा जा रहा है। ये बाघ भोजपुर के पास नदी किनारे पानी पीने आते हैं। यहीं पास में गोशाला होने के कारण अब वह इस ओर आ रहे हैं।

### बाघ के कारण इमलिया रोड को किया बंद

सुरक्षा के लिए रात में इमलिया रोड पर आवागमन बंद कर दिया गया है। बाघ के अभी शिकार करने के कारण अगले दो दिन तक क्षेत्र में उनके रहने की संभावना है। वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## आष्टानिका पर्व का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

आष्टानिका पर्व का समापन हुआ। 8 दिन तक नंदिश्वर विधान किया। नीति जैन, कविता मीणा पूर्व पार्षद पंडित लक्ष्मी चंद, इंदिरा तरुण जैन आदि ने अष्टानिका पर्व में 8 दिन तक दिगंबर जैन मंदिर मैन रोड, पार्श्वनाथ जैन मंदिर एवं तामोट मंदिर में शांति धारा, अभिषेक, शांति विधान हुआ। रात में शांति भक्ति सिद्ध भक्ति, नंदिश्वर भक्ति एवं भक्तांबर पाठ किया गया।

संतोष जैन, विनय जैन, नरेश मंजू जैन, विजय सीमा जैन, शिरोमणि प्रदीप जैन, एलसी जैन, सुनील वर्धमान, समता जैन, अनीता जैन, रितेश जैन, पवन जैन आदि ने 8 दिन तक सिद्ध भक्ति की। तामोट में अरुण जैन, अजीत जैन, अरविंद जैन, मनोज जैन, राजेंद्र जैन ने शांति धारा, सिद्ध भक्ति की।

## दसवीं कक्षा की छात्रा से पड़ोसी ने की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की छात्रा से पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी गत एक महीने से छात्रा को परेशान कर रहा था और स्कूल, कोचिंग आते-जाते उसका पीछा करता था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 17 साल की किशोरी इलाके में रहती हैं और दसवीं कक्षा की छात्रा है। उसके पड़ोस में नीतेश कुशवाह रहता है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि एक ही मोहल्ले में रहने के कारण वह उसे पहचानती है। उसने शिकायत में बताया कि आरोपी नीतेश एक महीने से पीछा कर रहा है। उसे समझाइश दी तो उसने झूमाझटकी की और जान से मारने की धमकी भी थी। आरोपी से परेशान होकर उसने परिजन को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ली तलाशी तो कमर में फंसी मिली पिस्टल

# जमीन के बकाया रुपए मांगने पर पिस्टल दिखाकर धमकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा सालम में बेची हुई जमीन का बकाया रुपए मांगने पर बदमाश ने किसान को पिस्टल दिखाते हुए धमका दिया। किसान वहां से उलटे पैर लौट गया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में बैठे बदमाश को बाहर उतरवाया तो उसकी कमर में पिस्टल फंसी मिली। इसके अलावा दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पिस्टल जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार बरखेड़ा सालम में अहिरवार परिवार ने कृषि योग्य जमीन बेची थी।

भूमि अल्तमश को बेची गई थी। जमीन की कुछ रकम बाकी है और जमीन पर मालिकाना हक अल्तमश ने ले लिया। अल्तमश और अहिरवार के बीच पैसों की बात को लेकर कहासुनी चल रही थी। शनिवार शाम अल्तमश अपने साथी फारुख उर्फ मूसा पिता शहजाद (34) निवासी चिकलौद रोड जहांगीराबाद को लेकर खेत पर पहुंचा। वहां अहिरवार आया और अपनी बेची गई जमीन की बकाया राशि मांगने लगा। इसी बीच कार में बैठे फारुख ने पिस्टल निकाली और अहिरवार को धमकाने लगा। अहिरवार वहां से निकल गया और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी फारुख पर जहांगीराबाद और कोहेफिजा में पूर्व में अपराध दर्ज है। उससे पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिए है।

सिंधी समाज के लोगों ने लिया रंगों के पर्व का आनंद, सेल्फी का रहा क्रेज

# चम्मच रेस, तंबोला, फन क्विज, डांस म्यूजिक का लिया लुत्फ, लजीज व्यंजन चखे

» रातीबड़ स्थित नक्षत्र रिसोर्ट में होली मिलन समारोह एवं पारिवारिक पिकनिक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ .संतनगर

सिंधी मेला समिति ने रातीबड़ स्थित नक्षत्र रिसोर्ट में होली मिलन समारोह एवं पारिवारिक पिकनिक का आयोजन किया। इस मौके पर सिंधी समाज ने फूलों की होली खेली। समारोह में सभी लोगों का सिंधी मिठाई (गिहर) से मुंह मीठा करवाया गया। पारिवारिक वातावरण में लोगों ने पिकनिक का भरपूर आनंद लिया।

इस दौरान महिलाओं के लिए चम्मच रेस, तंबोला, फन क्विज, चेयर रेस, पुल पार्टी, डांस म्यूजिक, गेम्स खेले गए। सभी लोगों ने खूब आनंद लिया एवं इन पल की यादों को अपने कैमरे में कैप्चर कर लिया। लजीज व्यंजनों का भी लोगों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

### मथुरा के गीतों पर कलाकारों ने नृत्य से समां बांधा

इस अवसर पर सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि समारोह में उज्जैन के सर्वोत्तम नृत्य अकादमी के कलाकारों ने मथुरा के गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।



### विधायक सबनानी रहे मुख्य अतिथि

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक भगवानदास सबनानी, नरेश तलरेजा, केएल दलवानी, प्रदीप आर्तवानी, महेश बजाज, दीपक राजानी, नरेश गिद्वानी, रवि आनंद, पंडित रवि शर्मा, ठाकुर पंजवानी, पिकनिक संयोजक सुनील किंगरानी, हरीश मेघानी महिला संयोजक सिया आसुदानी, सीमा सबनानी, दिव्या दरयानी, पूजा भाटिया, भावना जगवानी, सुनील मंगवानी, चंदन डुलानी, कपिल भाटिया, राम आसुदानी, मोहित शेवानी, हरकिशन निहालानी, सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा सदन में यूरोलॉजी शिविर के सेवादारों का उत्प्रेरण सत्र आयोजित

# शिविरों के लिए अब नए सेवादारों को भी अवसर दिलाएं: सिद्ध भाऊ

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

यूरोलॉजी शिविरों में सेवा करने वाले सेवादार प्रभु की सेवा में लगते हैं और प्रभु के प्रति कृतज्ञता सेवा करके ही व्यक्त की जा सकती है। यह बात संत सिद्ध भाऊ ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 24 मार्च से होने वाले 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर के सेवादारों के उत्प्रेरण सत्र में कही। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय केप्रबंधन ट्रस्टी एसी साधवानी, ट्रस्टी तुलसीदास आडवानी, सुरेश आवतरामानी, हीरो केसवानी, एलसी जनियानी व मुरली मूलानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### 45 लाख से ज्यादा जरूरतमंदों की सेवा और सहायता



महेश दयारामानी ने कहा कि 50 बरस में सेवा के प्रकल्पों में 45 लाख से ज्यादा जरूरतमंदों की सेवा और सहायता की गई है। उन्होंने कहा कि संतजी कहते थे, सेवा से सेवा बढ़ती है और दान करने से धन बढ़ता है। इस अवसर पर ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी और तुलसी आडवानी ने भी विचार व्यक्त किए। आभार कार्यक्रम का संचालन कुशल धर्मानी ने किया। सुश्री भारती जनियानी ने कैम्प के लिए की गई पूर्ण तैयारियों और व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया।



# सलीम को मिला 'लता मंगेशकर-मोहम्मद रफी श्रद्धा समन्वित-4' सम्मान

## गीत, संगीत व नृत्य प्रस्तुतियों से सजी रंगश्री लिटिल बैले की संध्या, लोग हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा भारत रत्न स्व. लता मंगेशकर एवं स्व. मोहम्मद रफी की स्मृति में श्रद्धा समन्वित-4 सम्मान, गायन एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन रविवार को रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। इस अवसर पर गायक सलीम अल्लाहवाले को उनकी अनवरत संगीत साधना के लिए 'लता मंगेशकर-मोहम्मद रफी श्रद्धा समन्वित-4' सम्मान से अलंकृत किया गया। इसी के साथ-साथ डॉक्टर श्रुति कीर्ति बारिक, विभा श्रीवास्तव सहित कई कलाकारों ने लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी द्वारा गाए गए गीतों की प्रस्तुति दी गई।

**खास बातें**

- चैतन्य सोश्यो कल्चरल का आयोजन
- रफी के गाए गीतों की दी गई प्रस्तुति
- रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में हुआ कार्यक्रम

### तुम मुझे यूं भुला न पाओगे.... गीतों की प्रस्तुति रही खास

कार्यक्रम के दौरान तुम मुझे यूं भुला न पाओगे...., लाखों हैं निगाह में...., जाने वालों जरा मुड़ के देखो इधर..., तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया भीगी-भीगी रुत है..., क्या हुआ तेरा वादा...., हम थे जिनके सहारे...., आपके हसीन रूख पे आज नया नूर है...., छलकाएं जाम..., छू लेने दो नाजुक होठों...., आशाओं के सावन में दिल तोड़ने...., सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था...., वादा कर ले साजना...., बेखुदी में सनम उठ गये जो कदम..., जैसे सदाबहार गीतों पर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।


**एक से बढ़कर एक गीतों से सजी महफिल**

### अरे जा रे हट नटखट..., ना खोल मेरा घूंघट...गीतों पर नृत्य प्रस्तुति

लता मंगेशकर के गानों-ठाड़े रहियो ओ बांके यार...., नील गगन की छांव में दिन रैन गले से मिलते हैं...., बागड़ बम बम बम बम बाजे घुंघरू...., अपलम-चपलम चलाई रे...., मोहे पनघट पर नंद लाल छेड़ गयो रे...., दैया रे दैया चढ़ गयो पापी बिछुआ...., अरे जा रे हट नटखट..., ना खोल मेरा घूंघट... गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां ने समा बांधा।

# हाशिए पर छूटे लोगों की संवेदनाओं को व्यक्त करता नाटक

**मायाराम सुरजन भवन में नाटक 'बैक लेन' का मंचन**



**भोपाल।** रविवार की शाम मायाराम सुरजन भवन में एकल नाट्य प्रस्तुति 'बैक लेन' का मंचन किया गया। समाज के हाशिए पर छूट गए किरदारों की संवेदनाओं और उनकी अनकही कहानियों को मंच पर जीवंत करते इस नाटक में निर्देशन स्कंद मिश्रा एवं अभिनय प्रयाग साहू ने किया। यह कहानी निम्न वर्ग के एक पात्र फज्जू के द्वारा देश में तेजी से उभर रहे मध्यम वर्ग की दास्तां को प्रस्तुत करती है।

### नाटक की कहानी

फज्जू लोगों के घरों के पीछे से कूड़ा-करकट बीनता है, और मुन्नू कबाड़ी को बेचता है। इसी गली में एक बाबू कुत्ता है, जिससे उसकी अच्छी आत्मीयता हो जाती है। फज्जू, बाबू को उन घरों के बारे में बताता है, जहां से वो कचरा इकठ्ठा करता है। एक-एक कर वो उन सभी पात्रों के जीवन के एक अंदरुनी छिपे हुए काले सच का पदार्पण करता है। इसी कहानी के अन्य पात्र जैसे प्रोफेसर जो लेखन कार्य में व्यस्त रहता है। उसकी पत्नी के उसी के नौकर के साथ अवैध संबंध होते हैं। क्लर्क जो कि अपने को मध्यम्वर्गीय परिवार में बनाये रखने अपनी पत्नी से वैश्या-वृत्ति करवाता है। दो भाई जो कपड़े के व्यापारी हैं, उनमें से बड़े को दौलत का नशा तो छोटा पागल है। दोनों ने अपनी बूड़ी अपाहिज मां को ऊपर के कमरे में बंद कर रखा है। जैसे अन्य कई पात्र हैं, जिनके अंदरुनी सच को फज्जू नामक व्यक्ति व्यक्त करता है। अंत में फज्जू को कूड़े के ड्रम में एक नवजात शिशु मिलता है जिसे वो अपने साथ ले जाता है।

## जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि में संगीत की प्रस्तुति

# हे री सखी मंगल गाओ री...



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फाग गीत व नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को हास्य से सराबोर कर दिया

पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्र की ताल पर नृत्य किया जाता है

होली से सजी माहौल में गेड़ी-सैला नृत्य, फाग नृत्य, फाग गायन, भोजपुरी गायन के साथ साथ गढ़वी गायन से सजी संभावना गतिविधि। प्रत्येक रविवार जनजातीय संग्रहालय में आयोजित संभावना गतिविधि में फाग गीत व नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को हास्य व रोमांच से सराबोर कर दिया। गतिविधि में राहुल धुर्वे एवं साथी द्वारा गेड़ी-सैला नृत्य की प्रस्तुति दी गई। लकड़ी की गेड़ी पर किए जाने वाले इस नृत्य में गीत नहीं गाये जाते। बस पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्र की ताल पर नृत्य किया जाता है।



**रंगवा और अबीर खेलत..., फगुनवा में रंग...**

इसके बाद पारंपरिक फाग गायन में मारत हैं पिचकारी..., गुइंया आवा..., फागुन मा भोला रंगाने..., नैना लग जाए..., फागुन रे फागुन..., केसर के उड़े फुहारा..., एवं सुश्री अनामिका त्रिपाठी, महाराष्ट्र द्वारा भोजपुरी गायन में जोगिरा..., फगुनवा में रंग..., नीक लागे .., रंगवा और अबीर खेलत..., सिया चलीं अवध की ओर..., जैसे कई गीतों की प्रस्तुति खास रही।

### फाग नृत्य व गढ़वी गायन की प्रस्तुति रही खास



वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में बैगा जनजातीय फाग नृत्य किया। होली के दिन से तेरह दिन तक किए जाने वाले फाग नृत्य में एक लकड़ी का बना मुखौटे को हिरण्यकश्यप के रुप में और बांस का मुखौटा गिज्जी को होलीका के रुप बीचों बीच रखकर नृत्य किया जाता है। नृत्य में मुख्य वाद्य, मांदर, टिमकी, बांसुरी हैं इस नृत्य को पेश कर रहें है। वहीं अगले क्रम में गढ़वी गायन की प्रस्तुति खास रही जिसमें दोहा छंद..., हेरी सखी मंगल गाओ री..., नगर में जोगी आया..., होली आई रे आई रे होली आई रे..., कृष्ण पद..., जैसे गीतों की प्रस्तुति दी गई।

**हिंदी भवन में हुआ 8 कहानियों का मंचन**

# नाट्य समारोह की लघु कहानियों ने सामाजिक पहलुओं पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं और सामाजिक उधेड़-बुन को प्रदर्शित करतीं कहानियों का मंचन हिन्दी भवन के महादेवी वर्मा सभागार में हुआ। मौका था रंगभूमि सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति की ओर से आयोजित जिंदगी के कई रंग रे नाट्य समारोह का। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद को समर्पित एक दिवसीय नाट्य समारोह में 8 कहानियों का नाट्य मंचन किया गया।

इन सभी कहानियों का निर्देशन और रुपांतरण वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक बुलानी ने किया। समारोह के संयोजक राम रतन सेन ने बताया कि यह मुंशी प्रेमचंद को समर्पित समारोह का 11 वर्ष है और अब तक लगभग 50 कहानियों का मंचन हो चुका है। नाटक में शहर के वरिष्ठ लेखकों द्वारा लिखी गई लघुकथाओं को नाट्य स्वरूप में 10-10 मिनट की अवधि में कलाकारों ने मंचन पर प्रस्तुत किया। हास्य, व्यंग्य और चुटीले संवादों के साथ प्रस्तुत नाटक में नेताजी कानूनी कुमार, चीटर, गरीब की बेटी, बेवकूफ, ईमानदारी की सजा, खटर-पटर, सफाई अभियान और चुनाव की तैयारी का प्रदर्शन हुआ।

### सपनों की दुनिया में समाज में सुधार की कल्पना



मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित नाटक नेता जी कानूनी कुमार एक ऐसे राजनेता के जीवन को प्रदर्शित करता है जो सपनों की दुनिया में रहते हुए समाज सुधार की परिकल्पना करता है। छत की बालकनी में बैठ नेताजी विचार करते हैं कि बच्चों को नशे की लत से छुड़ाने के लिए तम्बाकू निषेध बिल, महिलाओं और बेटियों को गुंडों से बचाने के लिए महिला सुरक्षा बिल की आवश्यकता है और वह इसे लाकर रहेंगे। तभी नेता जी की पत्नी आकर उन्हें कल्पना के भंवर से बाहर निकालती हैं कहती हैं कि आप दाम्पत्य सामंजस्य बिल लाकर घर-परिवार में महिलाओं के जीवन को मजबूती देने की बात करती है।



# दोस्ती और प्रेम के रंग से सराबोर रही रंगबाज दिल से की होली पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रंगों के त्योहार होली पर रंगबाज दिल से 2.0 का शानदार आयोजन एक निजी होटल में किया गया। यह पार्टी दोस्ती और प्रेम के रंग से सराबोर रही। इसमें करीब 300 युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जहां युवाओं ने लजीज व्यंजनों, ठंडाई का लुत्फ लिया तो वहीं पूल में बच्चे भी मस्ती करते पैरेंट्स भी रंगों से सराबोर नजर आए वहीं रंगों के त्यौहार को ओर भी रंगीन बनाया डीजे और ढोल पर युवा थिरकते कदमों ने।



**अरेरा जंक्शन ने मनाया होली महोत्सव**

# डांस के साथ गीतों के छेड़े सुर खेली फूलों-गुलाल की होली

रंग बिरंगी पोशाकों के साथ कलाकारों ने पारम्परिक गीत, नृत्य व संगीत पेश कर रंग ग़ुलाल के साथ खेली बरसाने की होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार की शाम गीत–संगीत. नृत्य, रंग, ग़ुलाल व फूलों से महक उठी। अवसर था अरेरा जंक्शन द्वारा आयोजित संगीत संध्या शीर्षक होलिया में उड़े रे ग़ुलाल का। इस अवसर पर क्लब एवं शहर के 17 शौकिया कलाकारों ने अपनी रूहानियत भरे गीतों से उपस्थित श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम को बहुत ही खुशनुमा भरे माहौल मे होली स्नेह महोत्स्व रंग बिरंगे ग़ुलाल एवं फूलों की होली खेलकर मनाया गया।

आदर्श तिवारी ने टन टना टन टन टन टारा गीत पर डांस प्रस्तुत कर वरुण धवन की याद ताज़ा कर दी। क्लब के सदस्यों ने सज धजकर बरसाने की होली के माहौल को साकार कर दिया। वहीं संजय–सपना सक्सेना, डॉ. दीपक पंजारा, लखन लाल दांडे, अशोक दीक्षित, डॉ. चंद्रलेखा व डॉ. पंजारा, महेश पालीवाल, सुब्रत राय, नरेश मालवीय, आशुतोष दीक्षित, डॉ. देव शुक्ला, सपना, आरके रावले-अमृता, आशीष व डॉ.कंचन उमंग, उत्साह और मोहब्बत के नगमे बिखेरे। देर रात तक चले इस कार्यक्रम का संचालन श्री शिवम वर्षी ने किया। देर रात्रि तक यह रंगा रंग महोत्सव चला।

# उनका चरित्र दूध धुला है, पर क्या करें दूध में पानी मिला है....

## प्रभात साहित्य परिषद की हास्य-व्यंग्य पर आधारित गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रभाव साहित्य परिषद की हास्य-व्यंग्य पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता, बलराम गुमास्ता के मुख्य आतिथ्य तथा उमेश तिवारी 'आरोही' के विशेष आतिथ्य एवं हरि ओम श्रीवास्तव के संचालन में किया गया। पिछली काव्य गोष्ठी की सर्वश्रेष्ठ रचना के लिए कमल सिंह 'कमल' को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके बाद काव्य गोष्ठी में सुरेश पबरा आकाश ने संसद से तो आस बहुत है, संसद में बकवास बहुत है व्यंग्य पढ़ा। वहीं हीरालाल पारस ने बरसों बरस संग साथ खेली होली। इस बरस किसी और की हो ली कविता सुनाई। वहीं रमेश नन्द ने पढ़ा, उनका चरित्र दूध धुला है, पर क्या करें दूध में पानी मिला है। वहीं मदन तन्हाई ने पढ़ा, इशारे करके तू काहे अभी हंसके बुला रई थी। मगर कल तो मुझी को तू बड़ा गुस्सा दिखा रई थी। वहीं बलराम गुमास्ता ने पढ़ा, शादी की चालीसवी साल गिरह में आज भी खोज रही हूं उस मामा को जिसने तय कराई थी मेरी शादी। वही उमेश तिवारी 'आरोही' ने पढ़ा, क्या अजीब बात है गौर तो फरमाइये। झूठी प्रतिष्ठा के लिए अपनों से आंख चुराइये। वही महेश प्रसाद सिंह ने पढ़ा, मोटू की चर्बी घटे छोटू के उड़े बाल, बहुमत चाहे किसी का हो गले हमारी दाल। वही हरि ओम श्रीवास्तव ने पढ़ा, थप्पड़ जैसा है नहीं कोई भी हथियार। पलक झपकते लक्ष्य पर करता है वह बार। वही तेज सिंह ठाकुर ने पढ़ा, पत्नी ऐसी दीजिये जो न पति को खाय। पति कमरे में रह सके पत्नी भी न जाय। इनके साथ संजय आरजू, एस एन शर्मा, प्रदीप कश्यप, डॉ. सीमा अग्रवाल, एम ए मोखेरे, आशीष पांडेय, संजय सोनटके आदि ने भाग लिया। अंत में रमेश नन्द ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**मनीष बादल के दोहों पर संगीतिक प्रस्तुति भी...**

# मनीष बादल की पुस्तक बादल-बादल प्यास का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वरिष्ठ साहित्यकार मनीष बादल के दोहा संग्रह बादल-बादल प्यास का लोकार्पण दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर की सभी साहित्यिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित हुए। खचाखच भरे सभागार में मशहूर गायक महेश राव द्वारा मनीष बादल के दोहों की संगीतिक प्रस्तुति भी हुई। मनीष बादल ने बताया कि पुस्तक में मशहूर सिने अभिनेता आशुतोष राणा की शुभकामनाओं के साथ वरिष्ठ साहित्यकारों की भूमिकाए हैं। पुस्तक के 720 दोहों में से आधे मुक्त विषय पर और आधे विभिन्न विषयों पर लिखे गये हैं। मनीष बादल ने भी अपने दोहों की प्रस्तुति दी।

### मनीष पूरी तरह से तैयार होकर आए हैं: श्रीवास्तव




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रवीन्द्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के चांसलर संतोष चौबे ने कहा कि संस्कृत में भी दोहे लिखे गए हैं और बिहारी के दोहा सतसई की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मनीष बादल ने बहुत ही उत्कृष्ट दोहे लिखे है। मुख्य अतिथि, मप्र चुनाव आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने दोहों की प्रशंसा करते हुए कहा की मनीष पूरी तरह से तैयार होकर आए हैं और आपने दोहे में नए प्रयोग किये हैं जो सराहनीय है। रंगकर्मी राजीव वर्मा ने कहा कि दोहे की ये पुस्तक प्यासे मन की प्यास तो बुझाएगी ही साथ ही साथ पाठकों के बुक शेल्फ की शोभा भी बढ़ाएगी।



जेएलएन स्टेडियम में खेलमंत्री मांडविया ने किया उद्घाटन

# स्वस्थ-सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया एक बेहतर मंच मुख्य अतिथि मजेदार फिटनेस चुनौतियों सहित बातचीत को बनाएंगे 'जीवंत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहली बार आयोजित होने वाले फिट इंडिया कार्निवल का भव्य उद्घाटन रविवार को जेएलएन स्टेडियम में केंद्रीय खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने किया। इस कार्यक्रम में आगामी खेलो इंडिया पैरा गेम्स के शुभंकर, लोगो और खेलों के गीत का अनावरण भी किया गया। खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च के बीच राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किए जाएंगे।

### 16, 17 और 18 मार्च को किया जाएगा आयोजन



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अनुसार फिट इंडिया कार्निवल 16, 17 और 18 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसका मकसद एक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है, जो फिट इंडिया मूवमेंट के, नागरिकों के और तंदुरुस्त होने, स्वस्थ और मोटापे से मुक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मजेदार फिटनेस चुनौतियों सहित जीवंत बातचीत में भी शामिल होंगे।

**'नृत्य के ज़रिए फिटनेस' विषय पर भी कार्यक्रम होंगे**

3 दिनों के दौरान कलारीपयट्टू, मलखंब और गटका जैसे आकर्षक प्रदर्शन के साथ-साथ 'नृत्य के ज़रिए फिटनेस' विषय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव डीजे संगीत, बैंड प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा।




**3** दिनी फिट इंडिया कार्निवल की केंद्रीय खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने की शुरुआत

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च के बीच दिल्ली में आयोजित होंगे

### रस्सी कूदना, साइकिल चलाना, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट बॉलिंग खेल होंगे

फिट इंडिया कार्निवल में तीन दिन के दौरान रस्सी कूदना, स्थिर साइकिल चलाना, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट बॉलिंग, स्क्वॉट और पुश-अप चुनौतियों सहित कई खेल गतिविधियां मुख्य आकर्षण होंगी। भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) के डॉक्टर, पोषण विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक भी मौजूद रहेंगे, जो महोत्सव में आने वाले लोगों को बगैर किसी शुल्क के परामर्श देंगे।

### कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे

इस मौके पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना, पहलवान और फिटनेस आइकॉन संग्राम सिंह और वेलनेस गुरु मिकी मेहता सहित कई विशेष अतिथि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल की जमानत के खिलाफ सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को ईडी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मिली जमानत को चुनौती दी गई है। याचिका पर न्यायमूर्ति रवींद्र दुडेजा की अदालत में सुनवाई होगी। जांच एजेंसी के वकील के अनुरोध पर अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी थी।



### कागजों पर चल रहे 219 मदरसों पर एफआईआर

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में जांच के दौरान 219 मदरसे कागजों पर चलते पाए जाने के बाद, जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला था कि 219 मदरसे सिर्फ कागजों पर चल रहे थे और उनका कोई अस्तित्व नहीं है। संचालकों पर केस दर्ज किए हैं।



### बेंगलुरु में बिहार के 3 मजदूरों की हत्या

**बेंगलुरु।** बिहार से काम करने आए तीन मजदूरों की हत्या से हड़कंप मच गया। बेंगलुरु के सरजापुर इलाके में 14 मंजिला निर्माणाधीन अपार्टमेंट से इन तीनों मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं। आशंका है कि इनकी होली के जश्न के दौरान इनकी हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान गोपालगंज निवासी राधे श्याम, दीपु और अंशु के रूप में हुई है।



### भाजपा ने यूपी के 72 जिला अध्यक्षों की सूची की जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा ने बड़ी मशक्कत के बाद रविवार को 72 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी। इसमें पार्टी ने जातीय समीकरण के साथ विपक्ष के पीडीए फार्मूले के मात देने की कोशिश की गई है। महिलाओं की भागीदारी का भी ख्याल रखा। मंडल अध्यक्षों का चुनाव ही जनवरी में संपन्न हो। उधर, तमाम जिलों की सूची में नाम पर सवाल भी उठने लगे थे।



### जबरन छुट्टी पर भेजे गए रान्या के पिता रामचंद्र

**चेन्नई।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़ा गोल्ड तस्करी का मामला दिन पर दिन उलझता ही जा रहा है। इसी का नतीजा है कि तीन केंद्रीय जांच एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं। इसी बीच कर्नाटक सरकार ने शनिवार को उनके पिता और डीजीपी रामचंद्र राव को 'कंपल्सरी लीव' पर जाने का आदेश दिया है। 3 मार्च को रान्या को डीआरआई ने बेंगलुरु एयरपोर्ट पर रोका था।



गृहमंत्री शाह ने असम में लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी का किया उद्घाटन

उनकी गाथा से युवा छात्रों को मिल रही प्रेरणा

# मणिपुर-गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे

## मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव की महान विरासत को नमन किया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के डेरगांव में नव-निर्मित लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। यह अकादमी उन्नत प्रशिक्षण अवसंरचना और आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है।

उन्होंने अकादमी के आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने लाचित बोरफुकन को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ असम की रक्षा की थी। शाह ने मां कामाख्या और श्रीमंत शंकरदेव की महान विरासत को नमन किया। 167 करोड़ की लागत से निर्मित इस अकादमी के प्रथम चरण को राष्ट्र को समर्पित करते और द्वितीय चरण की आधारशिला रखते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले पांच वर्षों में यह अकादमी भारत की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी बन जाएगी। उन्होंने इसे देश का शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने के लिए तीन चरणों में कुल 1,024 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता दोहराई।

**असम सरकार की सराहना की**

शीर्ष पुलिस प्रशिक्षण संस्थान बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई



### असम सरकार की सराहना की

गृह मंत्री शाह ने कहा कि एक समय था जब उग्रवाद प्रभावित असम के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए अन्य राज्यों में भेजना पड़ता था, जबकि आज यह गर्व की बात है कि मणिपुर और गोवा के 2 हजार पुलिस कर्मी लाचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने असम सरकार की सराहना की कि इस अकादमी को महान योद्धा लाचित बोरफुकन को समर्पित किया गया है। शाह ने कहा कि सात वर्ष की आयु में उन्होंने लाचित बोरफुकन की वीरता के बारे में पढ़ा था, लेकिन अपनी स्नातक तक की पढ़ाई के दौरान उन्हें इस महान योद्धा पर कोई और पुस्तक नहीं मिली।

**असम में युवाओं के लिए नौकरियों के द्वार खुलेंगे**

### मोदी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया

उन्होंने पिछले 10 वर्षों में असम के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने बोडो, कार्बी, आदिवासी और उल्फा उग्रवादी समूहों के साथ शांति समझौतों, असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवादों के समाधान, अर्धचालक क्षेत्र में निवेश और एडवांटेज असम 2.0 पहल की सफलता का उल्लेख किया। 5.18 लाख करोड़ के निवेश समझौते जल्द से जल्द साकार होंगे।

### सरकार ने असम को 4,95,000 करोड़ आवंटित किए

कांग्रेस शासन की तुलना करते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने असम को केवल 1,27,000 करोड़ की धनराशि दी थी, जबकि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में 4,95,000 करोड़ आवंटित किए हैं, जो कांग्रेस के मुकाबले 4 गुना अधिक है। उन्होंने कांग्रेस पर असम में अशांति फैलाने और इसके विकास के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया, विशेष रूप से शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में।

### असम की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सराहा

शाह ने असम की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की सराहना की, जिसमें भारत माला परियोजना के तहत 200 किमी सड़कों के लिए 10,000 करोड़, धुबरी-फुलबाड़ी पुल, और सिलचर-चुराइबाड़ी कॉरिडोर के लिए 3,400 करोड़ आवंटति कएि गए हैं। इसके अलावा, माजुली में सड़क और तटबंध के लिए 1000 करोड़ रुपए, ब्रह्मपुत्र पर 6 लेन पुलों के निर्माण के लिए भी धन आवंटित किया गया है। स्वास्थ्य, शौचालय निर्माण, एलपीजी कनेक्शन, और आवास परियोजनाओं के तहत लाखों लोगों को लाभ हुआ है। असम पुलिस की सजा दर 5 फीसदी से बढ़कर 25 फीसदी हो गई है और नए भारतीय न्याय संहिता के कार्यान्वयन से असम पुलिस को उच्चतम प्रशिक्षण मिलेगा।

### बोडो समझौते का कांग्रेस ने मजाक उड़ाया था

शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा सरकार ने जब बोडो समझौते पर हस्ताक्षर किए तो कांग्रेस ने उसका मजाक उड़ाया था, पर इससे क्षेत्र में शांति स्थापित हुई और विकास को गति मिली। कोकराझार में ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बोडोलैंड में स्थापित शांति का संदेश है।

शाह बोले- ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं

## *एनसीबी ने इंफाल व गुवाहाटी से 88 करोड़ की ड्रग्स की जब्ती की*



नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इंफाल और गुवाहाटी जोन से 88 करोड़ की मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की और अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया।शाह ने कहा है कि ड्रग्स माफिया पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। ड्रग कार्टेल के 4 सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए एनसीबी को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि जांच के लिए अपनाए जा रहे 'बॉटम टु टॉप' और 'टॉप टु बॉटम' अप्रोच की शानदार सफलता का प्रमाण है।

### तीन लोगों को किया गिरफ्तार, वाहन बरामद

गृह मंत्रालय के अनुसार पहली कार्रवाई में 13 मार्च को सूचना के आधार पर एनसीबी ने इंफाल जोन के अधिकारियों ने लिलोंग क्षेत्र के पास एक ट्रक को रोका और वाहन की पूरी तरह से टोह लेने के बाद ट्रक के पिछले हिस्से में टूल बॉक्स/केबिन से 102.39 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की गोलियां बरामद कीं। ट्रक में सवार दो लोगों को पकड़ा भी गया। बिना किसी देरी के टीम ने संदिग्ध रिसीवर को पकड़ लिया। उसके पास से एक 4 पहिया वाहन भी बरामद किया गया, जिसका इस्तेमाल ड्रग तस्करी के लिए किया जाता था।

### 75 करोड़ की एमडीएमए के साथ 2 विदेशी अरेस्ट



ड्रग तस्करी के खिलाफ सरकार की कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने बताया कि बेंगलुरु एयरपोर्ट पर दो नाइजीरियाई महिलाओं को 37 किलोग्राम से ज़्यादा ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसकी कीमत 75 करोड़ है। यह कर्नाटक में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग खेप है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बंबा फैंटा और अबिगेल एडोनिस को दिल्ली से एयरपोर्ट से अरेस्ट किया है।

सीएम रेखा का अधिकारियों को खास निर्देश

# धूल मुक्त होंगी दिल्ली की सड़कें, सरकार खुद रख रही इस पर 'गहरी' नजर

## वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने पर किया मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अभियान के तहत पूरे रिंग रोड को धूल मुक्त बनाने, सड़क किनारे डिवाइडर पर पेड़ लगाने और ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए व्यापक योजना तैयार की गई है। सरकार ने उपायों की समीक्षा की है। विभागों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### शहर को प्रदूषण मुक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता



सीएम ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सड़कों के किनारे हरित पट्टी विकसित करके, आधुनिक तकनीकों से धूल को नियंत्रित करके इस पर सुधार करेंगे।

**प्रदूषण सोखने वाले पौधे लगाए जाएंगे :** सरकार ने एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए और अन्य संबंधित सड़क स्वामित्व एजेंसियों को सड़क के किनारे और डिवाइडर पर पेड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। सड़क के किनारे विशेष प्रदूषण सोखने वाले पौधे लगाए जाएंगे।

### येदियुरप्पा का दावा कर्नाटक में भाजपा की सरकार बनेगी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा है कि राज्य में भाजपा के लिए माहौल अनुकूल है और पार्टी जल्द ही सत्ता में आएगी। उन्होंने गुटबाजी को लेकर कहा कि हर किसी को एकजुट होकर काम करना चाहिए और मतभेद भुलाना चाहिए। भाजपा के लिए माहौल बहुत अनुकूल है। आने वाले दिनों में हम 100 फीसदी सरकार बनाएंगे।

पंजाब में किसानों ने प्रदर्शन किया तेज

# 26 मार्च को बजट के दिन विधानसभा तक सभी किसान करेंगे पैदल मार्च

## रविवार की बैठक पर मान सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब में किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ हुई किसानों की बैठक में हंगामा हुआ था, जिसके बाद सीएम बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए थे। किसानों ने आरोप लगाया था कि उनकी मांगें अनसुनी कर दी गईं। अब किसानों ने 16 मार्च को एक और बैठक का ऐलान किया था, जिसमें सीएम के साथ चर्चा करने की योजना थी। सरकार ने सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी।

### अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे



किसानों ने गांव लेले में हुए घटनाक्रम की कड़ी निंदा की, जहां किसानों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया गया। किसानों का कहना है कि वे इस अन्याय के खिलाफ खड़े रहेंगे और इसका सख्त विरोध करेंगे। 26 मार्च को किसान चंडीगढ़ के सेक्टर 34 ग्राउंड में इकट्ठा होंगे।

**महापंचायत करेंगे,जागरूकता अभियान चलाएंगे :** किसान संगठनों ने पूरे पंजाब में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई है। पर्चे वितरित कर लोगों को जोड़ने की कोशिश करेंगे। बरनाला, अमृतसर और जालंधर में महापंचायतों का आयोजन होगा।

केदारनाथ में गैर-हिंदुओं का प्रवेश बैन होगा, भाजपा विधायक बोलीं

# ये लोग वहां पर मांस, मछली और शराब परोस रहे

## नौटियाल ने कहा- पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे

एजेंसी ▶▶ केदारनाथ

धाम में गैर-हिंदुओं के प्रवेश और गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। इस संबंध में केदारनाथ की भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने जानकारी दी है। विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि कुछ गैर-हिंदू तत्व धार्मिक स्थल केदारनाथ धाम की पवित्रता को ठेस पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग वहां मांस, मछली और शराब परोसने जैसे कामों में लिप्त हैं, जिससे धाम की गरिमा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिह्नित कर उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई जा रही है।





### प्रभारी मंत्री के साथ की थी बैठक

भाजपा विधायक नौटियाल ने कहा कि हाल ही में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इस विषय पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की थी। बैठक में यह सुझाव आया कि गैर-हिंदू तत्वों द्वारा केदारनाथ धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर उनके प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भाजपा पर कांग्रेस का पलटवार

### किस-किस को वर्जित करेंगे: हरीश

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि यह शिव भूमि है, उत्तराखंड ही नहीं। देशभर में एक तरफ द्वारका और पुरी में भगवान विष्णु विराजमान हैं। एक तरफ रामेश्वरम हैं, तो दूसरी तरफ उत्तराखंड में केदारनाथ-बद्रीनाथ हैं। जहां हर धार में देवालय है और हर नदी घाड़ में शिवालय है, वहां आप किस-किस को वर्जित करेंगे। और ये संकीर्णता क्यों?



बजरंग दल का अल्टीमेटम

# सरकार ने नहीं तो हम खुद हटा देंगे औरंगजेब की कब्र

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बजरंग दल ने महायुति सरकार से अपील की कि वह समय रहते औरंगजेब की कब्र को हटा दे। बजरंग दल ने अल्टीमेटम भी दिया है कि अगर सरकार ने नहीं हटाया तो फिर कारसेवा कर उसे हटाया जाएगा। नितिन महाजन ने कहा कि संभाजी नगर में जो कलंकित कब्र है। हम तो कलंकित ही कहेंगे। छत्रपति संभाजी महाराज के हत्यारे की कब्र है और वहां उसे पूजा जा रहा है। उसे हटाया जाए।



### आज करेंगे निवेदन

नितिन ने कहा कि ये पूजा होने के बाद समाज का वैसा निर्माण होता है जब समाज को शौर्य के आधार पर प्रेरित करते हैं। अत्याचारी शासक की कब्र है जो हमें बता रहा है कि हमारी लाचारी थी। जो हिंदू समाज पर अत्याचार किए। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद उसे हटाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को 17 मार्च को निवेदन देने जा रही है। उसे नियमों के अुसार हटाया जाए।

पाकिस्तान सरकार की उड़ी नींद, भारी उथल पुथल हुई शुरु

# पाकिस्तानी सेना पर बलूच आर्मी का फिदायीन हमला: 90 सैनिक मारे
## 5 दिन पहले ट्रेन हाईजैक में 28 सैनिक, 33 बलूच लड़ाके मारे गए थे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को पाकिस्तानी सेना पर फिदायीन हमले का दावा किया है। इसमें 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। हमला क्वेटा से कफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास किया गया। बीएलए के मुताबिक उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की। जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में घुसकर हमला किया। जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का दिया था अल्टीमेटम

बलूचिस्तान में विद्रोह की शुरुआत 1947 से हुई थी



### पाक पुलिस बोली- सिर्फ 5 सैनिक मारे गए

*पाकिस्तानी पुलिस ने बलूच आर्मी के दावे के उलट कहा है कि सड़क के पास पड़े एक बम में विस्फोट हुआ। सैनिकों को लेकर वहां से गुजर रही बस इसकी चपेट में आ गई। हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 10 घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान के नौशकी में सुरक्षा बलों को लेकर जा रही बस में विस्फोट हो गया। हमले में पांच सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। जबकि 12 सैन्यकर्मी घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं बलूचिस्तान सरकार ने हमले की निंदा की है। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की बसें सुरक्षा बलों को लेकर जा रही थीं।*

### बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा

*बलूचिस्तान में पिछले एक साल में आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए आत्मघाती धमाके में करीब 26 लोग मारे गए थे और 62 अन्य घायल हुए थे। तेल और खनिज संपन्न बलूचिस्तान, पाकिस्तान का क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा लेकिन सबसे कम आबादी वाला प्रांत है ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से हिंसक अलगाववाद से जूझ रहा है। बलूच विद्रोही 60 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाली चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजनाओं को निशाना बनाकर हमले करते रहे हैं।*

### बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) क्या है?

बीएलए पाकिस्तान के बलूचिस्तान का सक्रिय सशस्त्र समूह है। ये संगठन बलूचिस्तान की पूर्ण आजादी की मांग कर रहा है। साल 2000 के दशक से ये संगठन संघर्ष कर रहा है। पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ इसका संघर्ष जारी है। बलूचिस्तान इलाका प्राकृतिक संसाधनों जैसे गैस, तांबा और सोने से समृद्ध है। बलूच लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार इनका शोषण करती है। बलूचिस्तान में विद्रोह की शुरुआत 1947 में पाकिस्तान के गठन से शुरू हुई थी। तब बलूच नेताओं ने विलय का विरोध किया था। 1948 में इस हिस्से में व्यापक स्तर पर विद्रोह हुआ था।


### पास में खड़ी दूसरी बस भी हुई क्षतिग्रस्त

*स्थानीय पुलिस प्रमुख जफर जमानानी ने बताया कि बलूचिस्तान के नौशकी जिले में नौशकी-दलबंदिन राजमार्ग पर एक बस के पास सड़क किनारे बम विस्फोट हुआ। विस्फोट से पास की एक दूसरी बस भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों और घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने हमले की निंदा की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना एक क्रूर कृत्य है। रिंद ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। रिंद ने कहा कि शत्रु तत्व देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। आतंक के जरिये लोगों का मनोबल नहीं गिराया जा सकता। किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।* हालांकि मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि हमला बलूच लिबरेशन आर्मी ने कराया है।

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी डील को रद्द करेंगे कनाडा के पीएम

**ओटावा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से दोनों पड़ोसियों के बीच



दूरियां बढ़ती जा रही हैं। कनाडा भी अमेरिका को सबक सिखाने की तैयारी में है। कनाडा एफ-35 फाइटर जेट की डील रद्द कर सकता है। कनाडा के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उस सौदे की समीक्षा कर रहा है, जिसमें अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदे जाने हैं। यह बात तब सामने आई है जब दो दिन पहले ही पुर्तगाल भी एफ-35 खरीदने की योजना की समीक्षा का ऐलान कर चुका है।

### जम्मू-कश्मीर में बस पलटी, 30 लोग घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी में रविवार को एक मिनी बस के पलट जाने से 30 लोग घायल हो



गए हैं। इनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को जम्मू-कश्मीर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर महिलाएं थीं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना तारा मोड़ के पास हुई जब बस राजौरी जिले के मुगला से रियासी के पौनी जा रही थी। इस दुर्घटना में 22 महिलाओं समेत 30 यात्री घायल हो गए।

रायसीना डायलॉग : भारत पहुंचे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन ने किया ऐलान

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच फिर शुरू होगी मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी आज रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे

समारोह के मुख्य अतिथि होंगे न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन

एफटीए की घोषणा करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि- न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए खुश हैं। भारत और न्यूजीलैंड ने रविवार को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की। बता दें कि, यह वार्ता साल 2010 में शुरू हुई थी और साल 2015 में रुक गई थी, लेकिन अब इसे फिर से शुरू किया जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड ने अप्रैल 2010 में समग्र आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर बातचीत शुरू की थी। जिसका उद्देश्य वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के व्यापार को बढ़ावा देना था। लेकिन नौ दौर की वार्ताओं के बाद 2015 में ये चर्चा रुक गई थी। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, दोनों देश भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर से वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हैं।' इस समझौते का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और बाजार पहुंच को आसान बनाना है।



### न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री 20 मार्च तक रहेंगे भारत की यात्रा पर

*यह घोषणा तब हुई जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत की चार दिवसीय यात्रा (16-20 मार्च) पर आए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। वह रायसीना डायलॉग 2025 में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर लक्सन 16 से 20 मार्च तक देश में रहेंगे।*

### व्यापार मंत्रियों की बैठक के बाद हुआ फैसला

यह निर्णय भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की बैठक के बाद लिया गया। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक साझेदारी है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और आर्थिक पूरकताओं पर आधारित है। दोनों देशों ने व्यापार और निवेश को शामिल करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बनाने की दिशा में लगातार काम किया है। आगे लिखा गया, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भारत यात्रा के अवसर पर और हमारे आर्थिक सहयोग को गहरा करने की भावना से, दोनों राष्ट्र एक व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। यह अहम फैसला 16 मार्च, 2025 को भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक की दौरान लिया गया, जिसने दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साझेदारी की नींव रखी।

### एफटीए से क्या होगा फायदा?

व्यापार में बढ़ोतरी होगी और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। निवेश के नए अवसर बनेंगे और बाजार में कंपनियों को अधिक पहुंच मिलेगी। आपूर्ति श्रृंखला बेहतर होगी, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी।

### छह मुद्दों पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रायसीना डायलॉग का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मुख्य अतिथि होंगे। नई दिल्ली में होने वाला यह आयोजन रायसीना डायलॉग का 10वां संस्करण होगा। इसका आयोजन 17-19 मार्च के बीच किया जा रहा है। चर्चा के छह मुद्दे होंगे। इनमें बाधित राजनीति, हरित विकल्पों का समाधान,



डिजिटल ग्रह, उग्रवादी व्यापारिकता, एक नई योजना के साथ विकास को फिर से लिखना-टाइगर स्टोरी तथा शांति में निवेश। इन तीन दिनों के दौरान 125 देशों के 3500 से ज्यादा प्रतिभागी संवाद में निजी तौर पर हिस्सा लेंगे। लाखों लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ेंगे। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि रायसीना डायलॉग भू राजनीति और भू अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार रायसीना डायलॉग में 125 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

कॉन्सर्ट में आतिशबाजी से हुआ हादसा

# उत्तरी मैसेडोनिया के नाइट क्लब में लगी आग, 51 लोगों की मौत




एजेंसी ▶▶ स्कोप्जे

उत्तरी मैसेडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी में रविवार सुबह एक नाइट क्लब में आग लग गई। हादसे में 51 लोगों की मौत हो गई। जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि क्लब में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबाजी चलने से हादसा हुआ। मैसेडोनिया के आंतरिक मंत्री पंचे तोशकोवस्की ने बताया रविवार सुबह नाइट क्लब पल्स में एक पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान आग लगी। क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी चलाई।

इससे क्लब की छत में आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब के अंदर अफरा-तफरी का माहौल दिख रहा है। मंत्री तोशकोवस्की ने कहा कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि संगीत कार्यक्रम में एक हजार से अधिक लोग उपस्थित थे। घायलों को कोकानी के स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया।

### क्लब से उठी आग की तेज लपटें

आग लगने के बाद क्लब में अफरातफरी का आलम रहा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में क्लब से आग की लपटें उठती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय संगीत समूह की जोड़ी स्टेज पर अपनी परफॉर्मेंस दे रही थी। इस दौरान झूमते हुए कुछ युवाओं ने आतिशबाजी चलाई। इसके चलते छत में आग लगी। वीडियो में स्टेज से भी आग की चिंगारी निकलती नजर आईं। सुरक्षा बल और अग्निशमनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के उपाय किए। बताया जा रहा है कि आग इतनी विशाल थी की अग्निशमन कर्मियों ने कई घंटे तक मशक्कत की। मैसेडोनिया के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

वैश्विक थिंक टैंक का सुझाव

# भारत को ईयू से चिकित्सा उपकरणों पर करनी चाहिए विशेष छूट की मांग

- *इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में कुछ विशेष छूट की मांग करनी चाहिए। इससे भारत अपने निर्यात को बढ़ावा दे सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह सुझाव दिया।

भारत अधिकांश चिकित्सा उपकरणों पर 0 से 10 फीसदी तक टैरिफ लगाता है। अगर भारत बिना यूरोपीय संघ के नियामक चुनौतियों को हल किए चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ कम करता है, तो इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है, लेकिन निर्यात कम हो सकता है।

जीटीआरआई ने कहा, एक समान और निष्पक्ष व्यापार सौदा करने के लिए भारत को बदले में कुछ छूट की मांग करनी चाहिए। भारत को चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ तभी कम करना चाहिए, जब यूरोपीय संघ अपने गैरजरूरी टैरिफ के अवरोधों को हटाए।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने वित्तपोषण वाले विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सितंबर के अंत तक सरकार को वित्तपोषित करने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जिससे फिलहाल सरकारी शटडाउन का खतरा टल गया है और कांग्रेस में चल रहा संघर्ष समाप्त हो गया है। इस मुद्दे पर डेमोक्रेट्स के बीच भी मतविभाजन दिख रहा था।।



व्हाइट हाउस के प्रधान उप प्रेस सचिव हैरिसन फील्ड्स ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प ने शनिवार को सतत प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। पिछले वर्ष की तुलना में गैर-रक्षा व्यय में लगभग 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कटौती की गई है।

सरगना हाफिज का भतीजा था कताल

# कश्मीर में तीर्थयात्रियों पर हमला करने वाला अबू ढेर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल पाकिस्तान में मारा गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित झेलम में शनिवार की रात अज्ञात बंदूकधारियों ने कतार को ढेर कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद का भतीजा और संगठन का प्रमुख सदस्य कताल जम्मू-कश्मीर में कई हमलों का मास्टरमाइंड था। कताल ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए हमले में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इसकी लंबे समय से तलाश थी। बता दें कि 1



जनवरी 2023 को राजौरी के ढांगरी गांव में नागरिकों को निशाना बनाकर आतंकी हमला किया गया। हमले के अगले दिन एक आईईडी विस्फोट हुआ। हमलों में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एनआईए ने राजौरी हमले के मामले में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन की तीन पाकिस्तान स्थित हैंडलर समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

चीन में युवाओं के इंटरनेट इस्तेमाल पर लगेगी रोक

# सरकार तय करेगी सोशल मीडिया पर कितना समय बिताएंगे युवक

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन में युवाओं के बढ़ते इंटरनेट और सोशल मीडिया उपयोग को लेकर सरकार सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। चीनी अधिकारियों का मानना है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम से बच्चों की शारीरिक सेहत और पढ़ाई पर असर पड़ रहा है।

चीन की हाल ही में संपन्न हुई वार्षिक राजनीतिक बैठक में पूर्व बास्केटबॉल स्टार याओ मिंग ने एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें हर सेमेस्टर में एक दिन के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बंद करने और बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई थी। इसके अलावा, ऑनलाइन गेमिंग पर कड़े प्रतिबंध लगाने और हानिकारक ऑनलाइन कंटेंट पर नियंत्रण बढ़ाने




का सुझाव दिया गया था। 2024 के चीनी नव वर्ष के दौरान, टेनसेंट गेम्स ने 32 दिनों में कुल 15 घंटे गेम खेलने की सीमा तय कर दी थी। हालांकि, कई बच्चे इन प्रतिबंधों को वयस्कों के अकाउंट्स का उपयोग करके आसानी से बायपास कर लेते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मीडिया पेशेवर आ कियांग का मानना है कि सरकार के ये प्रस्ताव व्यवहारिक रूप से प्रभावी नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि समस्या इंटरनेट की लत नहीं, बल्कि बच्चों पर पढ़ाई और माता-पिता की उम्मीदों का भारी दबाव है। कियांग के मुताबिक, जब तक ऑफलाइन जीवन में सुधार नहीं होगा, ऑनलाइन सीमाएं काम नहीं करेंगी।

हूतियों ने जवाबी हमले की दी धमकी

# यमन में अमेरिकी सेना के विमानों ने बरपाया कहर, अब तक 31 की मौत

एजेंसी ▶▶ सना

यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है और इन लोगों में महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने रविवार को बताया कि रातभर हुए हमलों में 101 लोग घायल भी हुए हैं। मेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों पर सिलसिलेवार हवाई हमलों का आदेश दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान समर्थित हूती विद्रोही अहम समुद्री गलियारे पर आने-जाने वाले मालवाहक पोतों पर जब तक अपने हमले बंद नहीं कर देते, तब तक वह 'पूरी ताकत से' हमले जारी



रखेंगे।हूती विद्रोहियों ने पहले कहा था कि इन हवाई हमलों में कम से कम 18 आम नागरिकों की मौत हुई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, हमारे बहादुर सैनिक अमेरिकी जलमार्गों, वायु और नौसैन्य संपत्तियों की रक्षा करने तथा नौवहन की स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए आतंकवादियों के ठिकानों, उनके आकाओं और मिसाइल रक्षा तंत्र पर हवाई हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कोई भी आतंकी ताकत अमेरिकी वाणिज्यिक और पोतों को दुनिया के जलमार्गों पर स्वतंत्र रूप से आने-जाने से नहीं रोक पाएगी।

### ईरान ने मदद से किया इनकार

ईरान ने रविवार को फिर से इस बात से इनकार किया कि वह यमन के हूती विद्रोहियों को कोई मदद दे रहा है। यह बयान तब आया जब अमेरिका ने हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान को हूतियों की हरकतों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

जेनेरेटर में हुआ ब्लास्ट और गुल हुई पूरे देश की बिजली

# पनामा में ब्लैकआउट के बाद पानी के लिए तरसे लोग

एजेंसी ▶▶ पनामा

मध्य अमेरिकी देश पनामा में रविवार को पूरे देश की बत्ती गुल हो गयी। रिपोर्ट के अनुसार, ला चोरेरा थर्मोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट के एक जनरेटर में विस्फोट के बाद पनामा में पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। विस्फोट के कारण जनरेटर के अंदर आग लग गई। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो भी इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जेनेरेटर के फटने के बाद ऐसे हालात पैदा हो गए। इंस्टीट्यूट ऑफ एक्वाडक्ट्स एंड सीवर्स (आईडीएएएन) ने कहा कि ब्लैकआउट के कारण वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावित होने के कारण पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। मुलिनो ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि इसमें राजधानी पनामा सिटी के दक्षिण-पश्चिम में एक प्रतिष्ठान में विस्फोट दिखाया गया है। उन्होंने लिखा, "सेवाएं धीरे-धीरे बहाल कर दी जाएंगी।

पनामा में धमाका तो अमेरिका में तूफान ने मचाई तबाही, लोग हो रहे परेशान

तूफान से कई स्कूल हो गए ध्वस्त, तीन लोग हुए लापता

### अमेरिका में भीषण तूफान, घरों के उड़े परखच्चे, 32 लोगों की मौत



***वॉशिंगटन।*** *अमेरिका के कई हिस्सों में आए भयनकर तूफान ने तबाही मचा दी है। कई राज्यों में स्कूल भी नष्ट हो गए हैं और अभी तक कम से कम 32 लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। शुक्रवार को शर्मन काउंटी में धूल भरी आंधी चलने से हाईवे पर हुए हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने बताया, तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग लापता हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने बताया, पूरे राज्य में 29 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मिसौरी में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। इस बीच, शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों ने जानकारी दी कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी चलने के कारण कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। देशभर में एक बड़े तूफानी सिस्टम ने तेज हवाएं चलाई हैं, जिस वजह से ये मौतें हुई हैं। 100 से अधिक जंगलों में आग लगने की भी खबर सामने आई है।*


# मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी डब्लूपीएल चैंपियन, फिर खिताब से चूकी कैपिटल्स

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) के अर्धशतक के बाद अपनी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार रात को यहां महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं दिल्ली कैपिट्ल्स को लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने का खामियाजा अपने तीसरे फाइनल में हार से भुगतना पड़ा और उसे तीसरी बार उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर हरमनप्रीत के अर्धशतक के बावजूद सात विकेट पर 149 रन ही बना सकी। हरमनप्रीत ने 44 गेंद में नौ चौके और दो छक्के जड़ित पारी खेली। कप्तान ने नैट साइवर ब्रंट (30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 89 रन की साझेदारी निभाई। मुंबई इंडियंस की गेंदबाजों ने इस छोटे से लक्ष्य का अच्छा बचाव कर टीम को 2023 के बाद दूसरा खिताब दिला दिया। नैट साइवर ब्रंट ने 30 रन देकर तीन, अमेलिया केर ने 25 रन देकर दो जबकि शबनीम इस्माइल, हेली मैथ्यूज और साइका इशाक ने एक एक विकेट प्राप्त किया। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी।



## खबर संक्षेप



### मैकलारेन के नौरिस ने जीती आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री

**मेलबर्न।** मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने वर्षाबाधित आस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीत ली जबकि रेडबुल के मैक्स वेरस्टाप्पेन मामूली अंतर से चूक गए। फेरारी के लिए पदार्पण करने वाले सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन निराशाजनक दसवें स्थान पर रहे। सत्र की पहली रेस 2010 के बाद पहली बार मेलबर्न में बारिश के बीच आयोजित की गई। वेरस्टाप्पेन पहला स्थान पाने से 0.865 सेकंड से चूक गए। मर्सीडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे। मैकलारेन ने आस्ट्रेलिया ग्रां प्री में 12वीं बार जीत दर्ज करके फेरारी का रिकॉर्ड भी तोड़ा।

### भारत ने 33 पदक के साथ खत्म किया अभियान



**नई दिल्ली।** भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।

### निशानेबाजों ने विश्व कप की शुरू की तैयारी



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना और पेरू में होने वाले विश्व कप के लिए चुने गए भारतीय निशानेबाज यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए हैं जो आगामी सत्र की तैयारियों का अपना अंतिम चरण शुरू कर रहे हैं। निशानेबाजों का पहला बैच 26 मार्च को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना होगा जो इस साल के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप राइफल, पिस्टल, शॉटगन (एक से 11 अप्रैल) चरण का आयोजन स्थल है। इसके बाद दक्षिण अमेरिकी चरण पेरू के लीमा में शुरू होगा जिसमें दूसरा आईएसएसएफ संयुक्त विश्व कप 13-22 अप्रैल तक होगा।

## स्टार बल्लेबाज ने बीसीसीआई के नियम पर जताई निराशा

# कोहली ने कहा- दौरों पर साथ रहे परिवार कमरे में जाकर अकेले बैठना नहीं चाहता

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन किया है। कोहली ने कि कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे।

भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट श्रृंखला में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी। इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं।



### परिवार की भूमिका अहम

कोहली ने शनिवार को यहां खत्म हुए आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, 'लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है।'

### तनाव से उबरने में मिलती है मदद

कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं। आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है। इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता।'

### जिनका कोई लेना देना नहीं वो भी चर्चा में शामिल

कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कह, 'मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा, 'ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए'।'' उन्होंने कहा, ''और अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो वे 'हां' ही कहेंगे।''

### मुझे खेलना पसंद, कोई घोषणा नहीं कर रहा

कोहली ने कहा, 'घबराइए नहीं। मैं कोई घोषणा नहीं कर रहा हूं। अभी तक सब कुछ ठीक है। मुझे अब भी खेलना पसंद है। मेरे लिए खेलना अब पूरी तरह से आनंद, प्रतिस्पर्धी भावना और खेल के प्रति प्रेम है। और जब तक यह है, मैं खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि मैंने आज कहा कि मैं किसी उपलब्धि के लिए नहीं खेल रहा हूं। आप जानते हैं कि प्रतिस्पर्धी भावना आपको संन्यास के सवाल का जवाब नहीं ढूंढने देती है। इस बारे में राहुल द्रविड़ से मेरी बहुत दिलचस्प बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में किस जगह हैं, इसका पता लगाएं और इसका जवाब इतना आसान नहीं है। हो सकता है कि आप एक बुरे दौर से गुजर रहे हों और आपको लगे कि बस यही है। लेकिन हो सकता है कि ऐसा नहीं हो। लेकिन जब भी समय आएगा तो मेरी प्रतिस्पर्धी भावना मुझे इसे स्वीकार करने की अनुमति नहीं देगी। शायद एक और महीना। शायद छह और महीने। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संतुलन है। अपने जीवन के इस समय में मैं बहुत खुश महसूस कर रहा हूं।'

## कुश्ती

# दीपक और अंतिम एशियाई चैंपियनशिप टीम में शामिल





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल को 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होने वाली सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए शनिवार को 30 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय कुश्ती महासंघ द्वारा यहां आईजी खेल परिसर में कराए गए चयन ट्रायल के दौरान पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन के साथ-साथ महिला वर्ग में 10-10 पहलवानों का चयन किया गया।

2019 विश्व चैंपियनशिप में रजत और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पूनिया हालांकि अब 86 किग्रा से 92 किग्रा में आ गए हैं जबकि विशाल कालीरमन भी 65 किग्रा से 70 किग्रा में खेलने लगे हैं।

### चुने हुए हलवान

**पुरुष फ्रीस्टाइल:** चिराग (57 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा), मुकुल दहिया (86 किग्रा), दीपक पूनिया (92 किग्रा), जॉइंटी कुमार (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)। **पुरुष ग्रीको-रोमन:** नितिन (55 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), उमेश (63 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), कुलदीप मलिक (72 किग्रा), सागर (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा)।

**महिला कुश्ती:** अंकुश (50 किग्रा), अंतिम (53 किग्रा), नीशू (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), मुस्कान (59 किग्रा), मनीषा (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा)।

## भारत का लक्ष्य बिना गोल गंवाए मालदीव-बांग्लादेश को हराना

एजेंसी ▶▶| शिलांग

सीनियर डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम का लक्ष्य यहां होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मैचों में बिना कोई गोल खाए मालदीव और बांग्लादेश को हराना है।

भारत 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में मालदीव की मेजबानी करेगा। इसके बाद 25 मार्च को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगा। दोनों मैच यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होंगे, मेघालय की राजधानी अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर रही है। भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री



19 मार्च को मालदीव के खिलाफ मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करेंगे। झिंगन ने कहा, 'हमारा लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अच्छा नतीजा प्राप्त करना है क्योंकि इससे हमें एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छी शुरुआत मिलेगी और मुझे लगता है कि इससे पहले 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर और साथ ही मालदीव के खिलाफ मैत्री मैच हमें तैयारी में बहुत मदद करेगा। हमारा लक्ष्य दो 'क्लीन शीट' (बिना गोल गंवाए) जीत हासिल करना है।

## न्यूजीलैंड ने टी20 में पाकिस्तान को 61 गेंद में नौ विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। अपनी मेजबानी में हुई 50 ओवरों के प्रारूप की चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं जीत पाने के बाद पाकिस्तान की टीम में कई बदलाव किए गए हैं। सलमान आगा पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन पर आउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का पांचवां न्यूनतम स्कोर है। न्यूजीलैंड ने 10.1



ओवर में एक विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट ने 29 गेंद में 44 और फिन एलेन ने 17 गेंद में 29 रन बनाए। टिम रॉबिनसन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की जगह खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस और हसन नवाज खाता भी नहीं खोल सके। पहले छह ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 14 रन था। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन ने आठ रन देकर तीन और जैकब डफी ने 14 रन देकर चार विकेट लिए।

## मीरा-सबालेंका में होगा इंडियन वेल्स का खिताबी महामुकाबला



**इंडियन वेल्स।** रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां सर्द परिस्थितियों में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6 (1), 1-6, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय एंड्रीवा 2001 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी है। फाइनल में उनका मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका होगा। सबालेंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 51 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया।


**फॉर्म ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 6 के अंतर्गत)
**ऑफसोर इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**
प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | ऑफसोर इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 05.09.1995 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत किया गया है | कंपनियों का रजिस्ट्रार, मुंबई |
| 4. | कॉर्पोरेट देनदार की कॉर्पोरेट पहचान संख्या/सीमित देयता पहचान संख्या | U45200MH1995PLC092409 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 22, उद्योग क्षेत्र, मुलुंड लिंक रोड, मुलुंड (पश्चिम) मुंबई - 400053 महाराष्ट्र |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के संबंध में दिवालियापन प्रारंभ तिथि | 11.03.2025<br>13.03.2025 को आदेश प्राप्त हुआ |
| 7. | दिवालियापन समाधान प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि | 07.09.2025<br>(दिवालियापन आरंभ तिथि के अनुसार) |
| 8. | अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | श्री मिलिंद खनखोजे<br>आईबीबीआई पंजीकरण संख्या<br>IBBI/IPA - 001/IP-P-02922/2024-2025/14483 |
| 9. | अंतरिम समाधान पेशेवर का पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड के पास पंजीकृत है | पंजीकृत पता- 1401,टी4 , वीटीपी ब्यूमोंडे नेशनआर2 मंजरी खुर्द, गोदरेज बाउलेवर्द के पास पुणे, महाराष्ट्र 412307<br>पंजीकृत ईमेल - milindkhankhoje.ip@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | संचार पता - 903-906, 09वीं मंजिल टॉवर सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, द क्लोज साउथ, सेक्टर 50, गुरूग्राम हरियाणा 122018<br>Email-cirp.offshoreinfra@resurgentrpl.com |
| 11. | दावे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27.03.2025 (आदेश प्राप्ति की तिथि से 14वां दिन) |
| 12. | धारा 21 की उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम समाधान पेशेवर द्वारा तय ऋणदाताओं की श्रेणियां, यदि कोई हों | लागू नहीं |
| 13. | किसी वर्ग में ऋणदाताओं के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए पहचाने गए दिवालियापन पेशेवरों के नाम (प्रत्येक वर्ग के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) प्रासंगिक प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है: | वेब लिंक: https://ibbi.gov.in/en/home/downloads |

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई, बेंच-VI (सीपी (आईबी) संख्या 182/एमबी/2022 के तहत)** ने 11.03.2025 को एस्सेल हाईवेज लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।
एस्सेल हाईवेज लिमिटेड के लेनदारों से अनुरोध है कि वे अपने दावे प्रमाण के साथ 27.03.2025 तक या उससे पहले प्रविष्टि संख्या 10 में उल्लिखित पते पर अंतरिम समाधान पेशेवर के समक्ष प्रस्तुत करें।
वित्तीय लेनदार अपने दावों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही प्रमाण के साथ प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रमाण के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।
प्रविष्टि संख्या 12 के सामने सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय ऋणदाता को फॉर्म सीए में वर्ग [वर्ग निर्दिष्ट करें] के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के सामने सूचीबद्ध तीन दिवालियापन पेशेवरों में से अपने अधिकृत प्रतिनिधि की पसंद का संकेत देना होगा। दावे के झूठे या भ्रामक सबूत प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

सही/-
श्री मिलिंद खनखोजे
अंतरिम समाधान पेशेवर
ऑफसोर इन्फरास्ट्रक्चर लि.
आईबीबीआई पंजीकरण संख्या- आईबीबीआई/आईपीए- 001/आईपी-पी - 02922/2024-2025/14483
एएफए प्रमाणपत्र संख्या-एए1/14483/01/311225/108026
एएफए वैधता-31.12.2025

दिनांक: 16.03.2025
स्थान: पुणे


## विश्व कप चैंपियन टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

# सविता-हरमनप्रीत हॉकी इंडिया के 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया सातवें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला।

पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के तहत टीम को 50 लाख रुपए दिए गए। हॉकी इंडिया ने यह समारोह शनिवार को भारत की विश्व कप



जीत के 50 साल और इस वर्ष भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया था। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को यह पुरस्कार तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता दिवंगत बलबीर सिंह सीनियर के नाती कबीर सिंह भोमिया, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने प्रदान किया। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को एक ट्रॉफी और 25-25 लाख रुपए दिए गए। टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की सदस्य और हाल ही में 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली सविता को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार भी मिला।

### हॉकी इंडिया के अन्य पुरस्कार

| विधा | पुरस्कार | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर | परगट सिंह | अमित रोहिदास |
| सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर | अजितपाल सिंह | हार्दिक सिंह |
| सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड | धनराज पिल्लै | अभिषेक |
| अंडर 21 महिला | असुंथा लाकड़ा | दीपिका |
| अंडर 21 पुरुष | जुगराज सिंह | अराइजीत सिंह |
| पेरिस ओलंपिक टीम | कांस्य पदक | प्रत्येक को 15 लाख |



# ‘सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी’ की पूरी हुई शूटिंग

**मुंबई।** शशांक खेतान के निर्देशन में बनी रही फिल्म ‘सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी’ वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने अदाकारी की है। यह फिल्म इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 12 सितंबर को बड़े पर्दे पर आएगी। ‘सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी’ शशांक खेतान की पिछली फिल्मों जैसे ‘हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया’ और इसके सीक्वल ‘बद्रीनाथ की दुल्हनिया’ की तर्ज पर एक रोमांटिक ड्रामा होगी। इससे पहले, जब टीम ने वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत एक रोमांटिक फिल्म का ऐलान किया था, तो अटकलें लगाई जा रही थीं कि अभिनेत्री आलिया भट्ट की जगह लेंगी।

लाइफ Style

# अनुष्का

## अंग्रेजी गाने पर किया जबरदस्त डांस

अभिनेत्री अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह यहां अक्सर अपनी बेहतरीन तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। उनके फैंस इसे खूब लाइक करते हैं और कमेंट करते हैं। इसी कड़ी में अनुष्का सेन ने अपनी इंस्टाग्राम प्रोफाइल से अपनी एक वीडियो शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो में वह डांस कर रही हैं। वीडियो काफी वायरल हो रही है। अनुष्का सेन ने जो वीडियो शेयर की है उसमें वह डांस कर रही हैं। डांस करते हुए अनुष्का ने बेहतरीन मूव्स दिखाए हैं। वह डांस करते हुए चेहरे से बेहतरीन एक्स्प्रेशन दे रही हैं और काफी खुश लग रही हैं। उन्होंन स्लीवलेस सफेद टी शर्ट पहनी है और काली कार्गो पैंट पहनी है और अपने बाल खुले छोड़े हैं। अनुष्का अंग्रेजी गाने पर अपने मूव्स दिखा रहे हैं। अनुष्का ने ये वीडियो किसी पार्क में बनाई है। अनुष्का ने इसी वीडियो को अपनी स्टोरी पर भी लगाया है। अनुष्का की वीडियो को यूजर्स खूब लाइक कर रहे हैं। अनुष्का की वीडियो पर तीन घंटे में 11 लाख से ज्यादा व्यूव्ज आ चुके हैं। वीडियो पर फैंस दिल और फायर कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है ‘अनु हम इसे बहुत याद कर रहे हैं।’ एक दूसरे फैन ने लिखा है ‘आप जादूगर हो।’ एक और यूजर ने लिखा है ‘काले और सफेद में आप बहुत अच्छी लग रही हो।’ अनुष्का सेन 22 साल की खूबसूरत एक्ट्रेस हैं। उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की। सबसे पहले अनुष्का साल 2009 में ‘यहां मैं घर घर खेली’ सीरियल में नजर आई थीं। साल 2012 में वह ‘बालवीर’ से मशहूर हो गईं।



हॉलीवुड मसाला



## बीबी व बेटे संग बसाएंगे नई दुनिया

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इंडिया में भी फेमस हैं। यहां पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। वो अपने गानों से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। बीते दिनों उनकी आर्थिक स्थिति और बीवी हैली बीबर संग तलाक को लेकर खूब अफवाह उड़ी थी। अब बताया जा रहा है कि जस्टिन और हैली दोनों ही यूएस छोड़कर बाहर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। कपल ने पर्सनल लाइफ और तलाक की अफवाहों के बारे में लगातार हो रही चर्चा से बचने के लिए हॉलीवुड लाइफ छोड़ने का फैसला किया है।

## ‘लिलो एंड स्टिच’ का शानदार ट्रेलर रिलीज



**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘लिलो एंड स्टिच’ का लाइव-एक्शन संस्करण 23 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म की रिलीज में अभी कुछ महीने बाकी हैं। इस बीच निर्माताओं ने इसका पहला आधिकारिक ट्रेलर जारी कर फैंस के बीच उत्साह जगा दिया है। पहले यह फिल्म डिज्नी+ पर आने वाली थी, लेकिन अब इसे बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर को मिल रही शुरुआती प्रतिक्रियाओं से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्मों में अपनी एक खास जगह पक्की कर सकती है। दो मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत कमांडर के एक डायलॉग से होती है, जिसमें वह स्टिच को ‘खतरनाक प्रयोग’ करार देता है। इसके बाद शुरू होता है रोमांच और हंगामे का सिलसिला। फिल्म में माया केलोहा लिलो की भूमिका निभा रही हैं, जो हवाई की एक नन्ही लड़की है। वह स्टिच नाम के एक एलियन से दोस्ती करती है, जिसे तबाही मचाने के लिए बनाया गया था। ट्रेलर में एक्शन, ड्रामा, रोमांच और मूल एनिमेटेड फिल्म का वही पुराना आकर्षण देखने को मिलता है। इस ट्रेलर को देखने के बाद लोग इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। 2002 में रिलीज हुई मूल ‘लिलो एंड स्टिच’ फिल्म पिछले 20 सालों से दर्शकों की पसंदीदा बनी हुई है। इसकी लोकप्रियता की वजह से इसका सीक्वल और एक हिट टीवी सीरीज भी बनाया जा चुके हैं। अब लाइव-एक्शन वर्जन के साथ डिज्नी एक बार फिर इस कहानी को नया जीवन देने जा रही है।

## दमकते चेहरे संग साझा किया वीडियो...



**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने दो साल पहले अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा से शादी की। हाल ही में इस जोड़े ने फैंस को खबर दी कि इनके घर एक नन्हा मेहमान आने वाला है। कियारा, सिद्धार्थ के घर बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। कियारा के फैंस यह खबर पाकर काफी खुश हुए। हाल ही में कियारा ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया, जिसमें उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ दिख रहा है। कियारा आडवाणी ने अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन एक छोटा सा वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें एक कैप्शन भी कियारा ने लिखा है। वह लिखती हैं- ‘संडे ग्लो’। लेकिन यह संडे ग्लो से ज्यादा प्रेग्नेंसी ग्लो लग रहा है, जो कियारा के चेहरे पर नजर आ रहा है। वह वीडियो में काफी खुश दिख रही हैं। कियारा और सिद्धार्थ ने माता-पिता बनने की जानकारी सोशल मीडिया पर ही दी।

## ‘पुष्पा-3’ की रिलीज डेट से उठा पर्दा



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा 2 द रूल’ ने भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई की। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म ‘पुष्पाः द राइज’ का सीक्वल थी, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब ‘पुष्पा 3’ को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। ब्लॉकबस्टर एक्शन ड्रामा ‘पुष्पा 3’ की तीसरी किस्त आ रही है। ‘रॉबिनहुड’ के प्रमोशनल इवेंट के दौरान निर्माता रविशंकर ने पुष्पा 3 पर अपडेट साझा करते हुए इसकी रिलीज का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ‘पुष्पा 3’ 2028 में रिलीज होगी। यह अपडेट ‘पुष्पा 2ः द रूल’ की सफलता के बाद आया है, जिसने दुनिया भर में 1,650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की। और दंगल और बाहुबली 2 के बाद तीसरी सबसे बड़ी भारतीय फिल्म बन गई।




अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियरः तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुरः आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगरः आरव हीरो 9821743269, इंदौरः पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुरः श्रीजी हीरो 9289922372, देवासः खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धारः साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

FCB INTERFACE/3468/MARCH25/ENG

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930